हिन्दी दैनिक
# तीसरा विकल्प न्यूज़
UPHIN50812
(लखनऊ से प्रकाशित)
वर्षः- 01, अंकः-313, पृष्ठः-08, मूल्यः- 2 रु.
लखनऊ, बुधवार 01 मई 2024



लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 शांतिपूर्ण सुचिता पूर्ण ढंग...02

दो बाइकों के आमने सामने हुई टक्कर एक मौत...06

### कांग्रेस पर बरसे मुख्यमंत्री योगी

# पार्टी का इतिहास संविधान का गला घोंटने का रहा है



**गोरखपुर, संवाददाता।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि संविधान का गला घोंटकर, पिछड़े और अनुसूचित जातियों के आरक्षण में सेंधमारी कर धर्म के आधार पर एक वर्ग विशेष को आरक्षण देने की कांग्रेस, सपा और इंडी गठबंधन की मंशा देश की जनता सफल नहीं होने देगी। भाजपा धर्म के आधार पर किसी भी प्रकार के आरक्षण की विरोधी है क्योंकि धर्म-मजहब के आधार पर भारत के विभाजन का दंश आम जनता झेल चुकी है। भाजपा एससी-एसटी और ओबीसी आरक्षण के लाभ की पक्षधर है। सीएम योगी मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और इंडी गठबंधन से जुड़े जो दल हैं, इनके इतिहास के बारे में हर व्यक्ति जानता है। कांग्रेस का इतिहास बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के द्वारा बनाए गए संविधान का गला घोंटने का रहा है। 1950 में देश का संविधान लागू हुआ और कांग्रेस ने लगातार, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को रौंदने समेत यह प्रयास किए कि वह संविधान को अपने तरीके से इस्तेमाल करे। जनता का शासन जनता के लिए है, जनभावनाओं का सम्मान हो, कांग्रेस ने यह कभी समझने का प्रयास ही नहीं किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इमरजेंसी को देश की जनता आज भी नहीं भूली है। यह भी देश के संविधान का गला घोंटने जैसा ही था।

इसके साथ ही कांग्रेस ने यूपीए सरकार के समय जो पाप किया, वह भी देश की जनता को याद है। तब समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी यूपीए सरकार में कांग्रेस की सहयोगी थीं। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस ने जस्टिस रंगनाथ मिश्रा कमेटी और सच्चर कमेटी का गठन करके देश भर में संविधान विरोधी कार्य करते हुए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के हक पर डकैती डालने की कोशिश की थी। तब कांग्रेस ने धर्म के आधार पर आरक्षण देने का कुत्सित प्रयास किया था। तत्कालीन कांग्रेस सरकार की मंशा 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण में से 6 प्रतिशत तुष्टीकरण के नाम पर काट कर देने की थी। इसी प्रकार सच्चर कमेटी के माध्यम से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के आरक्षण में सेंधमारी कर मुस्लिम समाज की कुछ जातियों को शामिल करने की कोशिश की गई थी।

#### भारत के संविधान को सर्वोच्च मानती है भाजपा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कहा कि भाजपा बाबा साहब डॉ अंबेडकर और सभी संविधान निर्माताओं का पूरा सम्मान करती है। भाजपा संविधान निर्माताओं की मंशा के अनुरूप भारत के संविधान को सर्वोच्च मानते हुए अपने संवैधानिक दायित्वों का ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करने की पक्षधर है। भारतीय जनता पार्टी एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसने बाबा साहब अंबेडकर के मूल्यों और आदर्शों का पूरा सम्मान किया है। पंचतीर्थों का निर्माण किया है। वर्ष 2025 को राष्ट्रीय जनजाति गौरव वर्ष मनाने की बात को अपने संकल्प पत्र में शामिल किया है।

#### कांग्रेस नेतृत्व पूरी तरह फेल, कहीं प्रत्याशी भाग रहे तो कहीं प्रदेश अध्यक्ष दे रहे इस्तीफा

एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस का नेतृत्व पूरी तरह फेल हो चुका है। कांग्रेस के लोग ही कांग्रेस के नेतृत्व पर विश्वास नहीं कर पा रहे हैं। यही कारण है कि कहीं कांग्रेस प्रत्याशी फील्ड छोड़कर भाग रहे हैं, कहीं प्रदेश अध्यक्ष इस्तीफा दे रहे हैं तो कहीं घोषित प्रत्याशी अपनी प्रत्याशिता वापस लेकर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। इसके चलते अपनी खीझ मिटाने के लिए कांग्रेस नेतृत्व और उनके बचे खुचे नेता ऊलजलूल और मनगढ़ंत आरोप लगा रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि जनता कांग्रेस, सपा और इंडी गठबंधन के नेताओं की वास्तविकता जानती है और उनके मंसूबों को पूरा नहीं होने देगी।

## योगी आदित्यनाथ ने तृणमूल पर किया जोरदार हमला




**बहरामपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर कम्युनिस्ट पार्टी और कांग्रेस के साथ मिलकर सीमा पार से बड़े पैमाने पर घुसपैठ को बढ़ावा देकर राज्य की जनसांख्यिकी को बदलने तथा हिंदुओं का धर्मांतरण कर उन्हें अल्पसंख्यक बनाने की 'साजिश' रचने का आरोप लगाया। योगी ने बंगाल के सीमावर्ती मुर्शिदाबाद जिले में यहां भारतीय जनता पार्टी उम्मीदवार के पक्ष में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा,मैं राज्य के मुख्यमंत्री से पूछना चाहता हूं कि सरकार ने राज्य में बैसाखी समारोह और रामनवमी की शोभा यात्रा पर हमला करने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की। उन्होंने कहा,मैं यहां राज्य में हाल की घटनाओं पर पश्चिम बंगाल सरकार से सवाल करने के लिए आया हूं। बंगाल में मौजूदा स्थिति वैसी नहीं है जैसी हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने 'सोनार बांग्ला' के लिए कल्पना की थी। कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस दोनों राज्य को लूटने तथा देश के खिलाफ काम करने की साजिश कर रहे हैं। योगी आदित्यनाथ ने लोकसभा सीट बहरामपुर,जहां मतदाताओं का बड़ा हिस्सा अल्पसंख्यक समुदाय से है, से भाजपा उम्मीदवार एवं चिकित्सक निर्मल चंद्र साहा के लिए चुनाव प्रचार करते हुए कहा,मैंने अब तक उप्र. में हमलावरों को उल्टा लटका दिया होता ताकि उनकी सात पीढ़ियां दोबारा ऐसा अपराध करने की हिम्मत न कर पातीं।

## मोहब्बत की दुकान में फेक वीडियो बिकने लगे हैं: मोदी



**लातूर, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के लातूर में विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मोदी आपका जीवन बदलने के लिए दिन रात एक कर रहा है। कांग्रेस पार्टी को पराजय का भय इतना सता रहा है कि,ढ्ढ के द्वारा हमारे चेहरे का उपयोग करके उनकी मोहब्बत की दुकान में फेक वीडियो बिकने लगे हैं। वो मोदी की आवाज को और मोदी के भाषण का उपयोग करके नई-नई चीजें गढ़ रहे हैं। मोदी आपका जीवन बदलने के लिए दिन रात एक कर रहा है और ये इंडी अघाड़ी वाले मोदी को बदलने के लिए पूरी शक्ति लगा रहे हैं। जिनके घोटाले मैंने रोके हैं, वो मोदी पर गुस्सा करेंगे, ये बहुत स्वाभाविक है। आजकल ये दिन रात मोदी को गाली देने में लगे हैं। हमारे देश के लोग हमेशा मेहनती और प्रतिभाशाली रहे हैं, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने उनके सपनों को कुचलने का पाप किया! कांग्रेस ने सिर्फ एक परिवार के बारे में सोचा, लेकिन मोदी भारत के हर परिवार के बारे में सोचते हैं। 2014 और 2019 में आपने हमें भारी जनादेश दिया। हमने उसी जनादेश का उपयोग किसी से कुछ छीनने के लिए नहीं, बल्कि लाभ पहुंचाने और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए किया। हमारी सरकार सही मायनों में सामाजिक न्याय को ताकत देने वाली सरकार है। ये चुनाव भारत के स्वाभिमान का है। आपने 10 साल पहले का समय देखा है और आप आज का भी समय देख रहे हैं। आज दुनिया उस भारत को जानती है, जो दुनिया के विकास को गति दे रहा है। 2014 के पहले का समय याद कीजिए... किसी मेले में या कहीं भी अगर भीड़ जमा हो रही होती थी, तो अनाउंस होता था कि लावारिस चीजों से दूर रहो और पुलिस को जानकारी दो, क्योंकि उसमें बम हो सकता है। पूरे देश में 24 घंटे हर महत्वपूर्ण जगह पर ये सूचना दी जाती थी। मोदी के आने के बाद कहां गईं ये लावारिस चीजें? पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस की नजर सिर्फ आपकी वर्तमान कमाई पर ही नहीं है, आप जो संपत्ति अपने बचों के लिए जोड़ रहे हैं, उस पर भी कांग्रेस गिद्ध नजर लगाकर बैठी हुई है। मैं जब एक भारत श्रेष्ठ भारत की बात करता हूं तो कांग्रेस के शाहजादे को बुखार चढ़ जाता है। वो लोग कहते हैं कि मोदी एक भारत की बात क्यों करता है, भारत को खंड-खंड में देखने वाले लोग पीएम पद को भी खंड-खंड में बांटना चाहते हैं। 5 साल में 5 पीएम का इनकी योजना है यानी बारी-बारी देश को लूटना की योजना।

## पुलिस और नक्सली मुठभेड़ में दो महिला सहित सात नक्सली ढेर




**जगदलपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में पुलिस नक्सली मुठभेड़ में दो महिला सहित सात नक्सली मारे गए। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ इलाके से जिला रिजर्व पुलिस बल तथा छत्तीसगढ़ आर्म्स फोर्स के जवानों की संयुक्त पार्टी कल रवाना हुई थी। उन्होंने बताया कि आज सुबह नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र के ग्राम टेकामेटा एवं काकुर के मध्य जंगल में पुलिस पार्टी और माओवादी के बीच लगभग एक घंटे तक मुठभेड़ हुई। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ के बाद घटना स्थल पर सर्चिंग के दौरान अब तक दो महिला माओवादी सहित सात माओवादी कैडर के शव बरामद की गई है जिसकी शिनाख्त की जा रही है। उन्होंने बताया कि सर्च के दौरान पुलिस ने एक एके-47 सहित भारी मात्रा में हथियार एवं गोला बारूद व दैनिक उपयोगी सामान बरामद की है। अभी भी मुठभेड़ जारी होने की जानकारी मिली है। विस्तृत विवरण की प्रतीक्षा है।

### देश में बुनियादी क्षेत्र के आठ प्रमुख उद्योगों की उत्पादन वृद्धि मार्च में 5.2 प्रतिशत रही

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** इस वर्ष मार्च माह में मुख्य रूप से सीमेंट, कोयला, बिजली और इस्पात उद्योग के अच्छे प्रदर्शन के साथ देश के बुनियादी क्षेत्र के आठ प्रमुख उद्योगों की उत्पादन वृद्धि आलोच्य माह में एक साल पहले की तुलना में 5.2 प्रतिशत ऊंची रही। इसके बाबजूद यह वृद्धि दर पिछले माह की तुलना में कम रही। फरवरी में बुनियादी उद्योगों की उत्पादन वृद्धि दर सालाना आधार पर 6.7 प्रतिशत थी। वर्ष 2023-24 में बुनियादी उद्योगों की संचयी उत्पादन वृद्धि वार्षिक आधार पर 7.5 प्रतिशत रही। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा मंगलवार को जारी प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार मार्च 2024 में सीमेंट, कोयला, बिजली, प्राकृतिक गैस, इस्पात और कच्चे तेल का उत्पादन एक वर्ष पहले इसी माह की तुलना में ऊंचा रहा जबकि इस माह के दौरान उर्वरक और पेट्रोलियम रिफाइनरी उत्पादन में मार्च 2023 की तुलना में गिरावट दर्ज की गई।

## एडमिरल त्रिपाठी ने नौसेना प्रमुख का कार्यभार संभाला



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने मंगलवार को यहां 26वें नौसेना प्रमुख के रूप में भारतीय नौसेना की कमान संभाली। उन्हें एडमिरल आर हरि कुमार के स्थान पर नया नौसेना प्रमुख बनाया गया है जो नौसेना में लंबे और शानदार करियर के बाद सेवानिवृत्त हो गये। इससे पहले एडमिरल त्रिपाठी नौसेना के उप प्रमुख थे। नौसेना की कमान संभालने के बाद उन्होंने कहा कि वह नौसेना को अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से लैस करने की दिशा में कार्य करेंगे और नौसेना सदैव राष्ट्र प्रथम के मंत्र पर कार्य करते हुए सुभी चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार रहेगी। उन्होंने कहा, भारतीय नौसेना का छब्बीसवां नौसेना अध्यक्ष बनने पर मुझे अत्यंत गर्व और सम्मान की अनुभूति हो रही है। मुझसे पहले पच्चीस नौसेना अध्यक्षों ने अपनी कर्मठता और समर्पण से हमारी नौसेना को युद्ध तत्पर, विश्वसनीय, सुगठित और भविष्य की ताकत बनाई है। मेरा प्रयास रहेगा कि मैं भारतीय नौसेना को और आत्मनिर्भर, मजबूत तथा प्रौद्योगिकी से लैस बनाऊँ। मेरी पूरी कोशिश रहेगी भारतीय नौसेना, हमारे देश के समुद्री हित और समुद्री रक्षा दोनों पर हरदम खरी उतरे - कभी भी, कहीं भी, कैसे भी।

## अमित शाह फेक वीडियो केस, अहमदाबाद से 2 गिरफ्तार

**अहमदाबाद, एजेंसी।** अमित शाह फेक वीडियो केस में मंगलवार 30 मई को गुजरात के अहमदाबाद से 2 लोगों को गिरफ्तार किया गया। एक आरोपी कांग्रेस विधायक जिग्नेश मेवाणी का पीए और दूसरा आप कार्यकर्ता है। इस केस में सोमवार 29 अप्रैल को भी असम से एक आरोपी गिरफ्तार किया गया था। वहीं, दिल्ली पुलिस की यूनिट इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटजिक ऑपरेशंस (आईएफएसओ) ने इस मामले में 16 लोगों को समन भेजा है। ये सभी 7-8 राज्यों से हैं। तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी को 29 अप्रैल को ही समन भेजा जा चुका है। इन सभी लोगों को 1 मई को दिल्ली में आईएफएसओ यूनिट में पेश होना होगा। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, 16 में से 6 लोग तेलंगाना कांग्रेस के सदस्य हैं, जिनमें मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी भी शामिल हैं। पुलिस ने सभी को संबंधित दस्तावेज और सबूत के तौर पर इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस (मोबाइल-लैपटॉप) लाने को कहा है। फेक वीडियो को लेकर मंगलवार 29 मई को गृहमंत्री अमित शाह ने कहा, कांग्रेस ने उनका फेक वीडियो बनाकर वायरल किया।

## शिक्षा बदलाव का सबसे प्रभावी साधन: धनखड़



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शिक्षा को बदलाव का साधन करार देते हुए कहा है कि हर बच्चे को अपनी रुचि के अनुसार अपनी प्रतिभा अभिव्यक्त करने का अवसर मिलना चाहिए। श्री धनखड़ ने मंगलवार को राजस्थान के जयपुर में राजस्थान पत्रिका के संस्थापक स्वर्गीय कर्पूर चन्द कुलिश की स्मृति में स्थापित द कुलिश स्कूल का उद्घाटन करते हुए कहा कि शिक्षा समाज को सबसे बड़ा दान है। उन्होंने कहा कि शिक्षा समाज में बदलाव का सबसे प्रभावी माध्यम है। हर क्षेत्र में वही लोग नेतृत्व कर रहे हैं जिन्होंने शिक्षा में भी अपना स्थान बनाया। उपराष्ट्रपति ने जोर देकर कहा कि हर बच्चे को उसकी रुचि के अनुरूप अपनी प्रतिभा को अभिव्यक्त करने के पर्याप्त अवसर मिलने चाहिए। इस मौके पर राजस्थान के उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद्र बैरवा, विधान सभा अध्यक्ष देवनानी, राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी, जयपुर की महापौर सौम्या गुर्जर, राजस्थान पत्रिका के प्रधान संपादक गुलाब कोठारी, द कुलिश स्कूल के प्रबंधन मंडल के सदस्य तथा स्कूल के प्रधानाचार्य देवाशीष चक्रवर्ती सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान में हमारी पांच हजार साल पुरानी संस्कृति में शिक्षा के महत्व पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने संविधान की मूलप्रति पर अंकित चित्रों का जिक्र किया। संविधान की मूलप्रति के भाग द्वितीय के पृष्ठ पर गुरुकुल का चित्र बना है तो भाग चतुर्थ वाले पृष्ठ पर कुरुक्षेत्र में श्री कृष्ण द्वारा गीता उपदेश का प्रसंग अंकित है।

### देवेंद्र यादव दिल्ली कांग्रेस की नये अध्यक्ष नियुक्त

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली के इस्तीफे के दो दिन बाद आज वरिष्ठ नेता देवेंद्र यादव को प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त कर दिया। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने श्री यादव की नियुक्ति को मंजूरी दी है और उन्हें तत्काल प्रभाव से अपना काम शुरू करने के लिए कहा गया है। उन्होंने बताया कि श्री यादव पार्टी के पंजाब के प्रभारी हैं और वह दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष पद के साथ ही पंजाब कांग्रेस के प्रभारी भी बने रहेंगे। गौरतलब है कि श्री लवली ने आम आदमी पार्टी के साथ दिल्ली में चुनावी गठबंधन करने तथा पार्टी के दिल्ली के प्रभारी महासचिव के साथ अनबन का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

## केजरीवाल की गिरफ्तारी चुनाव से ठीक पहले ही क्यों हुई

### सुप्रीम कोर्ट ने ईडी से 5 सवाल पूछे, 3 मई को अगली सुनवाई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को लोकसभा चुनाव से पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के समय को लेकर प्रवर्तन निदेशालय से सवाल किया। कोर्ट ने इस बाबत जांच एजेंसी से जवाब मांगा है। जस्टिस संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से सवाल पर जवाब मांगते हुए कहा कि जीवन और स्वतंत्रता बेहद महत्वपूर्ण हैं। आप इससे इनकार नहीं कर सकते। पीठ ने राजू से कई अन्य सवाल भी पूछे। कोर्ट ने जांच एजेंसी से केजरीवाल की उस याचिका पर भी अगली सुनवाई पर जवाब देने को कहा, जिसमें उन्होंने उत्पाद शुल्क नीति घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उनकी गिरफ्तारी को चुनौती दी है। मामले की सुनवाई शुक्रवार को हो सकती है। इससे पहले सोमवार को केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने पूछा था कि आपने ट्रायल कोर्ट के समक्ष याचिका दायर क्यों नहीं की? जिस पर केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि इसके कई कारण हैं, जिनमें से एक ये है कि केजरीवाल की गिरफ्तारी ही अवैध है। दिल्ली के शराब नीति घोटाले में फंसे दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर कहा है कि उनकी गिरफ्तारी अवैध है और उनकी हिरासत भी अवैध है। आम चुनाव से पहले राजनीति के तहत ये किया जा रहा है। केजरीवाल ने अपनी याचिका में कहा कि एक राजनीतिक पार्टी को खत्म करने और एक चुनी हुई सरकार को गिराने के लिए यह कोशिश की जा रही है। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ याचिका पर सुनवाई कर रही है। सोमवार को सुनवाई के दौरान अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि किसी को भी केवल अपराध के सबूत मिलने पर ही गिरफ्तार किया जा सकता है, सिर्फ संदेह के आधार पर नहीं। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ याचिका पर सुनवाई कर रही है।

## कई बड़े एनजीओ पर गिरी मोदी सरकार की गाज

### गृह मंत्रालय ने एफसीआरए लाइसेंस रद्द किए




**नयी दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने छह गैर-सरकारी संगठनों के विदेशी योगदान पंजीकरण अधिनियम (एफसीआरए) लाइसेंस रद्द कर दिए हैं। विदेशी योगदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) पंजीकरण को रद्द करने के साथ, ये एनजीओ अब विदेशी योगदान प्राप्त नहीं कर पाएंगे और न ही मौजूदा उपलब्ध धन का उपयोग कर पाएंगे। संगठनों (एनजीओ) पर कथित तौर पर एफसीआरए दिशानिर्देशों का उल्लंघन करने का आरोप है। ईटी के मुताबिक, गृह मंत्रालय ने दस्तावेजों की जांच के बाद एनजीओ के खिलाफ कार्रवाई की है। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि छह गैर सरकारी संगठनों दिल्ली डायोसीज ओवरसीज ग्रांट फंड, इंस्टीट्यूट ऑफ इकोनॉमिक ग्रोथ (आईईजी), सैमुअल फाउंडेशन चैरिटेबल इंडिया ट्रस्ट, डायोसेसन सोसाइटी चर्च ऑफ नॉर्थ, जीसस एंड मैरी दिल्ली एजुकेशनल सोसाइटी और हीमोफिलिया फेडरेशन को केंद्र की नाराजगी का सामना करना पड़ा है। सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि इससे पहले अप्रैल के पहले सप्ताह में, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के कथित उल्लंघन के लिए कम से कम पांच गैर सरकारी संगठनों का पंजीकरण रद्द कर दिया था। उनमें सीएनआई सिनोडिकल बोर्ड ऑफ सोशल सर्विस, वॉलंटरी हेल्थ एसोसिएशन ऑफ इंडिया, इंडो-ग्लोबल सोशल सर्विस सोसाइटी, चर्च ऑक्जिलरी फॉर सोशल एक्शन और इवेंजेलिकल फेलोशिप ऑफ इंडिया शामिल हैं।

## पन्नू मामले में अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट पर भड़का विदेश मंत्रालय, कहा इससे मदद नहीं मिलेगी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी मीडिया की उन रिपोर्ट्स को खारिज कर दिया है, जिनमें दावा किया गया है कि खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश में भारतीय खुफिया एजेंसी रॉ का अधिकारी शामिल है। दरअसल अमेरिकी मीडिया की एक रिपोर्ट में अज्ञात सूत्रों के हवाले से एक रॉ अधिकारी के नाम का खुलासा किया गया है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पन्नू की हत्या की साजिश में यही अधिकारी संलिप्त था। अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, कथित रॉ अधिकारी ने ही गुरपतवंत सिंह पन्नू के न्यूयॉर्क स्थित घर का पता और अन्य जरूरी जानकारी मुहैया कराईं थी। मंगलवार को भारतीय विदेश मंत्रालय ने इन रिपोर्ट्स को बेबुनियाद बताकर खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि रिपोर्ट में एक गंभीर मामले पर बेबुनियाद और अनुचित आरोप लगाए गए हैं। अमेरिकी सरकार ने संगठित अपराध, आतंकवाद और अन्य को लेकर जो सुरक्षा चिंताएं साझा की हैं, उनकी भारत सरकार द्वारा उच्च स्तरीय जांच की जा रही है।

### दूसरे माफीनामे में उल्लेखनीय सुधार, पतंजलि मामले में सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय ने भ्रामक विज्ञापन मामले में योग गुरु रामदेव, उनके सहयोगी बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड की ओर से अखबारों में बिना शर्त सार्वजनिक माफी प्रकाशित करने के मामले में हुई प्रगति की मंगलवार को सराहना की।

न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने रामदेव, बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी से कहा कि माफी की भाषा पर्याप्त है और इसमें नाम भी हैं।

**2024 लोकसभा** — छह मतदान केंद्रों में दोबारा कराई गई वोटिंग

## आउटर मणिपुर लोकसभा सीट पर मतदान खत्म



**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर में पिछले एक साल से जारी जातीय हिंसा के बीच राज्य में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान कराए जा रहे हैं। मंगलवार को आउटर मणिपुर के छह मतदान केंद्रों पर दोबारा मतदान कराया गया। सुबह के नौ बजे तक यहां 16.68 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था लेकिन अंतिम आंकड़ा अभी जारी नहीं हुआ है। किसी भी मतदान केंद्र में हिंसा या झड़प के मामले सामने नहीं आए। मतदान सुबह के सात बजे से शुरू हुआ था।

### कर्नाटक और अरुणाचल प्रदेश में भी हो चुका है दोबारा मतदान

सोमवार को कर्नाटक के चामराजनगर में दोबारा मतदान कराया गया था। चामराजनगर लोकसभा क्षेत्र में 26 अप्रैल को मतदान कराया गया था, लेकिन दो गुटों के बीच झड़प के कारण मतदान केंद्र में ईवीएम मशीन के साथ तोड़फोड़ की गई थी। इसके अलावा अरुणाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव के शुरुआती चरण में 19 अप्रैल को आठ मतदान केंद्रों में हिंसा की घटनाएं देखने को मिली थी। हिंसा की घटनाओं को देखते हुए इन मतदान केंद्रों में 24 अप्रैल को पुनर्मतदान कराए गए थे।

# लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 शांतिपूर्ण सुचिता पूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने को लेकर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ संपन्न हुई बैठक




**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता राकेश पाण्डेय**

सीतापुर – लोक सभा सामान्य निर्वाचन–2024 को सकुलश, शांतिपूर्ण एवं सुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से सामान्य प्रेक्षक शिव शंकर आई०ए० एस० एवं पुलिस प्रेक्षक डा०नीरजा गोटरू राव आई०पी०एस०की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान प्रेक्षकगणों ने निर्वाचन में सभी को एक सामान्य अवसर मिलना चाहिये, किसी के साथ कोई भी भेदभाव नही होना चाहिये। इसी उद्देश्य से हम लोग आपके सामने उपस्थित हुये हैं। उन्होंने कहा कि सभी को मतदान से पहले का रोस्टर मिल गया होगा, जिसके अनुसार ही आप सभी लोग अपने–अपने एजेण्टों की नियुक्ति कर दें ताकि मतदान पूरी पारदर्शिता एवं सुचिता के साथ सम्पन्न हो। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी विशेष समुदाय का व्यक्ति, पार्टी आदि किसी भी प्रकार का मतदान को प्रभावित करने हेतु दबाव बनाते हैं तो उसकी सूचना तत्काल उपलब्ध करायी जाये। पुलिस प्रेक्षक डॉ नीरजा गोटरू राव ने कहा कि सुरक्षा एवं लायनआर्डर हेतु कोई भी शिकायत प्राप्त होती है तो उसकी सूचना तत्काल उपलब्ध करा दी जाये। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा संवेदन शील एवं अतिसंवेदनशील बूथों पर भी विशेष निगरानी रखी जायेगी। किसी भी पार्टी को कोई शिकायत होती है तो उसकी सूचना ऑनलाइन सी–विजिल के माध्यम से कर सकते हैं। शिकायत के निस्तारण हेतु निरन्तर भ्रमणशील रहकर टीमें कार्य कर रही हैं। सी–विजिल पर शिकायत प्राप्त होने के एक सौ मिनट के अन्दर उसका निस्तारण कर दिया जाता है तथा सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की है कि जो भी शिकायत की जाये, वह पूरे साक्ष्य के साथ प्रस्तुत की जाये तथा किसी प्रकार की फेक शिकायत न की जाये। कन्ट्रोल रूम में 1950 के माध्यम से भी आप लोग अपनी शिकायतों को दर्ज कर निस्तारण करा सकते हैं। प्रेक्षक गणों द्वारा बताया गया कि पचासी वर्ष से ऊपर के वृद्ध नागरिकों को मतदान के लिये आपको पहले से ही सूची उपलब्ध करा दी जायेगी ताकि आप वहां पर भी अपना एजेण्ट को नियुक्त कर दें। सारी प्रक्रिया वैसी ही रहेंगी, बस मतदान स्थल उनका घर रहेगा। प्रेक्षकगणों ने सभी प्रतिनिधियों से कहा कि जो भी एजेण्ट नियुक्त किये जायें, उनका प्रशिक्षण जरूर करा दें ताकि मतदान के दिन किसी प्रकार की कोई दिक्कत न होने पाये और मतदान पारदर्शिता, सुचितापूर्ण एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो सके। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुनील कुमार, नगर मजिस्ट्रेट कृष्णानंद तिवारी,अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राखी वर्मा, क्षेत्राधिकारी नगर अमन सिंह सहित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि एवं सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जन जागरूकता

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता**




जलगांव – आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जलगांव शहर में सरकारी तंत्र और विभिन्न सामाजिक संगठनों के माध्यम से लोगों को जागृत किया जा रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक हास्य परिवार के प्रमुख अश्विन गांधी के नेतृत्व में शहर की गणेश कॉलोनी स्थित डॉ.बाबा साहेब अंबेडकर उद्यान में कम से कम 100 लोगों ने मतदान जागरूकता का महत्व बताते हुए सभी लोगों से मतदान करके अपनी भागीदारी दर्ज कराने का अनुरोध किया और शपथ ग्रहण की। बता दें कि हास्य परिवार इस तरह की सामाजिक गतिविधियों में अपनी भूमिका बखूबी निभाता आ रहा है।

## चुनाव चिन्ह आवंटन के पश्चात जिला प्रशासन ने सीतापुर लोकसभा के प्रत्याशियों की जारी की सूची

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता राकेश पाण्डेय**

सीतापुर - लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु 30 सीतापुर निर्वाचक-क्षेत्र से लोक सभा के लिये निर्वाचन लड़ने वाले मान्तया प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य राजनैतिक दलों के अभ्यर्थी की सूची जारी की है। जिसमें महेन्द्र सिंह यादव, निवासी ग्राम रामपुर (भटपुर) पो0-हाजीपुर, तहसील सण्डीला, हरदोई, बहुजन समाज पार्टी से हैं, जिनका चुनाव चिन्ह हाथी है।राकेश राठौर, निवासी -31ए, लोहारबाग सीतापुर, इण्डियन नेशनल कांग्रेस से हैं जिनका चुनाव चिन्ह हाथ है। राजेश वर्मा, निवासी-मोहल्ला संगत टोला, कस्बा व पो0 तम्बौर, तहसील लहरपुर, जिला सीतापुर, भारतीय जनता पार्टी से हैं जिनका चुनाव चिन्ह कमल है। इसके साथ ही रजिस्ट्रीकृत राजनैतिक दलों के अभ्यर्थी (मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य राजनैतिक दलों से भिन्न) हैं, से मो0 काशिफ अंसारी,निवासी-मो0पठानी, पो0 बिसवां, जिला सीतापुर, अपना दल (कमेरावादी) से हैं, जिनका चुनाव चिन्ह लिफाफा है। चन्द्र शेखर वर्मा, निवासी-मकान नंबर -66, ग्राम हाजीपुर, तहसील महमूदाबाद, जिला सीतापुर, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी से हैं, जिनका चुनाव चिन्ह गन्ना किसान है। राम अधार वर्मा, निवासी-ग्राम खरसत, पो0 समसाबाद, तहसील महमूदाबाद, जनपद सीतापुर, सरदार पटेल सिद्धान्त पार्टी से हैं, जिनका चुनाव चिन्ह कटहल है। लेखराज लोधी, निवासी ग्राम देवरिया, पोस्ट कसरैला सीतापुर,आजाद समाज पार्टी (कांशी राम) से हैं, जिनका चुनाव चिन्ह केतली है। इसके अलावा अन्य अभ्यर्थी में विद्यावती गौतम, निवासी-ग्राम सोनवा, पोस्ट -पहाड़पुर,थाना-इटौंजा, जनपद लखनऊ, निर्दलीय हैं, जिनका चुनाव चिन्ह ऑटो-रिक्शा है।

## 2 लाख 97 हजार मतदाताओं को घर पर मिलेगी वोटर स्लीप

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता सुरेश कोहली**

जलगांव - लोकसभा चुनाव -2024 को लेकर मतदाताओं की सुविधा के लिए इलेक्शन डिपार्टमेंट की ओर से 2 लाख 97 हजार मतदाताओं को घर बैठे ही %वोटर स्लीप% का लाभ मिलेगा। बताया जा रहा है को बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) सभी के घर पहुंचकर नाम, वोटर लिस्ट नंबर लिखी पर्ची देंगे। जिससे मतदान के दिन मतदाताओं को कोई परेशानी नहीं होगी। इससे मतदान केंद्र ढूंढना और वोट करना और भी आसान हो जाएगा। पहले पार्टियां और उम्मीदवार प्रत्येक उम्मीदवार के घर जाकर %वोटर स्लीप% बांटते थे और मतदान केंद्रों के सामने बूथ बनाकर मतदाताओं को मतदाता सूची में अपना नंबर ढूंढने का मौका दिया जाता था। लेकिन अब यह सुविधा बंद कर दी गई है। निर्वाचन विभाग द्वारा ही मतदाताओं को उपलब्ध कराया गया। इस कार्य के लिए बीएल नियुक्त किए गए हैं। बीएलओ प्रत्येक मतदाता के घर पहुंचकर %मतदाता स्लीप% देंगे। ताकि मतदाता अपना मतदाता क्रमांक प्राप्त कर सीधे मतदान केंद्र पर जाकर वोट डाल सकें। प्रांतीय अधिकारी और सहायक चुनाव अधिकारी जितेंद्र पाटिल ने बताया कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चुनाव विभाग 1 मई के बाद %वोटर स्लीप% घर-घर पहुंचाने की प्रक्रिया शुरू करेगा। मतदान केंद्रों पर दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर की सुविधा होगी। इसके अलावा प्रत्येक मतदान केंद्र पर स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए एक %हिरकनी कक्ष% भी उपलब्ध कराया जाएगा। मतदाताओं और कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए मतदान केंद्र पर एक मेडिकल किट की भी सुविधा दी जाएगी।

## इंटर आर्ट्स में हरिहरगंज की निशा जिला टॉप टेन में शामिल

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता झारखंड**



हरिहरगंज पलामू - जैक द्वारा घोषित इंटर आर्ट्स परीक्षा परिणाम में हरिहरगंज सीता +2 उच्च विद्यालय की छात्रा निशा शर्मा जिला टॉप टेन में स्थान प्राप्त किया है। इनमें न्यू एरिया निवासी विश्वनाथ कुमार विश्वकर्मा की पुत्री निशा शर्मा 407 अंक 81.4 प्रतिशत लेकर पांचवा स्थान प्राप्त की है। निशा ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता तथा विद्यालय के शिक्षकों को दी है । साथ ही सिविल सेवा की तैयारी कर प्रशासनिक सेवा में जाना चाहती है। उसने बताया कि उसके पिता ने उसे हमेशा हौसला को बढ़ाया है। निशा बैडमिंटन खेलने का शौक रखती है। इस सफलता पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक डा अजय कुमार राय, शिक्षक डा ओरेंद्र कुमार यादव, डा राजकुमार सहित सभी शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए इनकी उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## कोचिंग के शिक्षक ने महिला से किया दुष्कर्म

**बांदा।** छात्रा को कोचिंग पढ़ाने वाले शिक्षक ने उसकी मां के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से बरामद मोबाइल में अश्लील वीडियो भी मिले हैं। शहर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी 30 वर्षीय महिला ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि मोहल्ले का आरोपी युवक उसकी बेटी को पढ़ाने के लिए उसके घर में आता था। चार साल पहले आरोपी ने सूना मौका पाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। दुष्कर्म का अश्लील वीडियो भी बना लिया। उसके बाद वीडियो वायरल करने की धमकी देकर महिला के साथ लगातार दुष्कर्म करता रहा। धमकी से आजिज महिला ने आरोपी के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी है। शहर कोतवाल अनूप दुबे ने बताया कि आरोपी जावेद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। महिला का जिला महिला अस्पताल में मेडिकल कराया गया है। आरोपी के मोबाइल से अश्लील वीडियो बरामद किए गए हैं। कार्रवाई की जा रही है।

## घर में चारपाई पर पड़ा मिला अधेड़ का शव

**बांदा।** घर से अलग महिला के घर में रह रहे व्यक्ति की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उसका शव कमरे में पड़ा मिला। महिला के पुत्र ने अधिक शराब पीने से मौत होने की बात कही है। देहात कोतवाली क्षेत्र के महोखर गांव निवासी रामभजन (50) की सोमवार की रात शहर कोतवाली क्षेत्र के ज्योति नगर में तुलसा देवी के मकान में मौत हो गई। तुलसा देवी के पुत्र जयदीप ने बताया कि वर्ष 2000 से रामभजन उनके घर में रह रहा था। शराब का लती था। जयदीप ने बताया कि अधिक शराब पीने से मौत हुई है। घटना के समय जयदीप बोलेरो लेकर पार्टी में गया था। घर में मां अकेले थीं। जयदीप ने बताया कि रामभजन तीन भाइयों में सबसे छोटा था और अविवाहित था। वह कार एजेंसी में सफाई कर्मी था। रामभजन के भाई पल्हरी गांव में रहते हैं। शहर कोतवाल अनूप दुबे ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

## मुस्तफा खान शिक्षा विभाग से हुए सेवानिवृत्त




**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता**

जलगांव – मुंबई पब्लिक स्कूल अग्रीपाड़ा, मोमिन पुरा उर्दू स्कूल, के शारीरिक शिक्षा निदेशक मुस्तफा खान सफदर खान 29 साल की सेवा पूरी करने के बाद सेवानिवृत्त हो गए। गाडगे सर, (एस एस पी आई) लवटे सर.(एसपीआई) धारेदार पाटिल, (जूनियर पर्यवेक्षक) मधुकर माली (जूनियर एसपी) बागुल सर, सावंत सर (जूनियर पर्यवेक्षक) ई वार्ड। सतशीला मैडम, (प्रिंसिपल), ललित पाटिल,डोपे सर, मोमिन पुरा उर्दू स्कूल की हेड मिस्ट्रेस यास्मीन बानो, सुपर वैनाइजर मिस्टर सामंत, प्रशास अधिकारी,नसरीन आरजू (ई– डिविजन) बीट ऑफिसर आरिफा (ई– डिविजन) लिमकर, जेपी चवरकर, इमरान खान, इलियास खान, इजहार शेख, मुस्तुफा खान की पत्नी अनीसा बी, बेटा फैजान, बहू डॉ.आयशा, बेटा हाजिक, बेटी इरम, दामाद शफीक, साथ ही बड़े भाई अफजल खान, भाभी महेरे निगार, भाई मुख्तार खान, छोटा भाई प्रो.डॉ.चांद खान,भतीजे अरशद खान, सलमान खान,आमिर खान1995 से आज तक के पुरानी मुख्याध्यापिका, जरीना अब्दुल सलाम, सईदा हमीद, शमीम जहीर, साजेदा सलीम, और पुरानी रिटायर लेडी टीचर आदि मौजूद रहे। सभी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए ईश्वर से उनके भावी जीवन, स्वास्थ्य, खुशहाली और के लिए शुभकामनाएं दी।

## संविधान बदलने वालों को जनता खुद बदल देगी : आनंद भदौरिया

**➲ क्षेत्र में जनसभाओं का दौर जारी**

**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता राकेश पाण्डेय**



सीतापुर – धौरहरा संसदीय क्षेत्र की मोहम्मदी विधान सभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आयोजित नुक्कड़ सभाओं और जन संपर्क के दौरान समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी आनदं भदौरिया ने भारतीय जनता पार्टी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के गारंटी की घंटी व चार सौ पार का झुनझुना अब गायब हो गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की भाषा बदल गई है। अब तक भारतीय जनता पार्टी जो चार सौ पार का झुन झुना लिए घूम रहे थे और गारंटी की घंटी बजा रहे थे, अब दोनों ही गायब हो गई हैं। समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संविधान खत्म करना चाह रही है,संविधान मंथन हो रहा है। इससे लोकतंत्र खत्म हो जाएगा। भारतीय जनता पार्टी बार– बार संविधान बदलने की बात कह रही है, इस बार जनता उन्हें ही बदल देगी। हम समाजवादी लोग संविधान के रक्षक हैं। उन्होंने लोगों से कहा कि आपका उत्साह बता रहा कि इस बार भारतीय जनता पार्टी की विदाई होना तय है। यह दस साल की अपनी उपलब्धियां बता रहे हैं। भाजपा वालों को सत्रह साल यानी दस साल दिल्ली और सात साल यूपी सरकार के समय का हिसाब देना है। इस सरकार में किसान परेशान है। उनकी आय दोगुनी करने का वादा पूरा नहीं किया। खाद बीज के दाम बढ़ गए। उन्होंने कहा कि वह भारतीय जनता पार्टी वालों से कहना चाहते हैं कि जिस दिन किसान समृद्ध हो जाएगा, उसी दिन भारत विश्व गुरु बन जाएगा। जन सभाओं का आयोजन लोकसभा धौरहरा क्षेत्र की मोहम्मदी विधान सभा क्षेत्र के पलिया, पिपरिया धनी,छेड़ीपुर,कंजरिया,कुरिगंवा, रामपुर मदारी, दिलवालपुर, मोहम्मदी सराय आदि गांवों में किया गया। जन सभाओं को सम्बोधित करते हुए पूर्व मंत्री आरएस उस्मानी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने किसानों को भरोसा दिलाया था कि उनकी आय दोगुनी होगी। लेकिन केन्द्र और राज्य सरकार ने उनकी फसल का सही दाम आज तक नहीं दिलवा पाई है। खाद, बीज, बिजली, डीजल, पेट्रोल सभी कुछ महंगा हो गया है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने देश के बड़े उद्योग पतियों का कर्ज माफ किया। लेकिन किसान के लिए कुछ नहीं किया। समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी ने कहा कि विकसित भारत के नाम पर प्रधानों से पैसा वसूला गया। गठबंधन की सरकार आएगी तो एमएसपी कानून होने के साथ किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा। जन सभाओं को समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष सुरेश पाल यादव, वरिष्ठ नेता मोहन बाजपेयी, क्रांति सिंह, डॉ. जुबेर आदि ने सम्बोधित किया। जन सभाओं को सफल बनाने में अशफाक उल्ला खां, राजेश यादव, दिलीप यादव, सत्यवधू गौड़,बलराम वरूण, प्रवीण पटेल, अली सहबाज, अब्दुल मुईद,कार्तिक तिवारी, जसकरन बाजपेयी, रोहित गुप्ता, सलमान, प्रवीण यादव,विनय मिश्रा, विशांक सिंह,अनुज सिंह का विशेष योगदान रहा।

# प्रधानमंत्री के चुनावी दौरे को लेकर जिला प्रशासन हुआ सतर्क डीएम एसपी ने किया निरीक्षण



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता राकेश पाण्डेय**

सीतापुर - आम लोक सभा चुनाव में लखीमपुर सीतापुर धौरहरा से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों की स्थित को मजबूत करने हेतु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पांच मई 2024 को हरगांव में स्थित चीनी मिल के लैगून फील्ड में एक चुनावी जनसभा को सम्बोधित करेंगे।यह जानकारी भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल ने दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार लोक सभा के आम चुनाव में सीतापुर, लखीमपुर सहित धौरहरा सांसद एवं धौरहरा लोकसभा क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी श्रीमती रेखा अरुण वर्मा के समर्थन में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सीतापुर जनपद के हरगाँव में स्थित अवध शुगर एण्ड एनर्जी प्रा. लि. नामक चीनी मिल के लैगून फील्ड मे पांच मई 2024 को एक विशाल जनसभा को सम्बोधित करेंगे।इसकी सूचना मिलते ही जिला प्रशासन सतर्क होते हुए तत्काल जिलाधिकारी अनुज सिंह व पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र, क्षेत्राधिकारी सदर सतीश चन्द्र शुक्ल, उपजिलाधिकारी लहरपुर आकांक्षा गौतम ने थाना प्रभारी निरीक्षक हरगांव अरविंद कुमार पाण्डेय के साथ सभा स्थल पहुंच कर बडी बारीकी से निरीक्षण किया।निरीक्षण के समय चीनी मिल के अधिशाषी उपाध्यक्ष शूरवीर सिंह मौजूद रहे। प्रधान मंत्री की आहूत जनसभा के सभा स्थल चीनी मिल हरगांव की लैगून फील्ड पहुंचकर भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक, क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्र, क्षेत्रीय मंत्री नीरज वर्मा ,दिनेश तिवारी ने भाजपा जिलाध्यक्ष सीतापुर राजेश शुक्ल के साथ सभास्थल सहित हैलीपैड का जाएजा लिया। इस मौके पर जिलाधिकारी अनुज सिंह, पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र सहित जनपद के आला अधिकारी सहित कानूनगो,लेखपाल जनसभा स्थल पर पहुंचे। हेलीपैड सहित सभास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। इस अवसर पर विजय बहादुर पाठक प्रदेश उपाध्यक्ष,क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्र, क्षेत्रीय मंत्री नीरज वर्मा,दिनेश तिवारी, भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल,पूर्व जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा,अजय गुप्ता, राहुल जायसवाल, सहित स्थानीय नेता मौजूद रहे।

## नाबालिक किशोरी एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी नहीं हो सकी तलाश

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता राकेश पाण्डेय**

सीतापुर - जिले की मिश्रिख कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सहंसापुर से बीते 18 अप्रैल को आशनाई के चक्कर में दिनदहाड़े बहला फुसला गांव के ही दो युवकों द्वारा अपने साथ ले जाई गई नाबालिग किशोरी रिपोर्ट दर्ज होने के एक सप्ताह बाद भी अभी तक कोई पता नहीं है।परिवार जन नाबालिग किशोरी की बरामदगी को लेकर दर दर की खाक छानने पर जहां मजबूर हो रहे हैं वहीं महिला सशक्तीकरण करण का दावा भी निर्मूल ही साबित हो रहा है। बताते चलें कि ग्राम सहसापुर निवासी ठाकुर प्रसाद पुत्र भोलानाथ ने घटित घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिये प्रभारी निरीक्षक को एक शिकायती पत्र/तहरीर देकर आरोप लगाया था। कि बीते 18 अप्रैल को उसकी सोलह वर्षीय पुत्री अपनी आठ वर्षीय बहन को साथ में लेकर गांव में ही स्थित एक दुकान पर चावल बेंचने के लिये गई थी, वह चावल बेंचकर जब अपने घर वापस आ रही थी तभी रास्ते में गांव के ही निवासी तीन युवकों संदीप मौर्य, रंजीत शर्मा और दीपक मौर्य ने उसे रोक लिया और बहला फुसला कर जरिये आशिनाई कहीं भाग ले गये।

## पीपरा पुलिस ने 46 बछड़ा को बरामद किया

**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता झारखंड**

पिपरा – पुलिस ने रविवार की रात भीतिहा मोड़ के समीप से तस्करी कर



ले जाया जा रहे 46 बछड़ा को बरामद किया है। इस संबंध में थाना प्रभारी बिमल कुमार ने बताया कि पशु तस्करों द्वारा बछड़ा को ले जाने की सूचना मिली थी। इस पर एसआई नकुल शर्मा के नेतृत्व में पुलिस बल ने कार्रवाई करते हुए भीतिहा मोड़ से बछड़ों को बरामद किया। हालांकि तस्कर पुलिस को देख भाग गए। इस संबंध में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिक दर्ज की गयी है। वही जप्त बछड़ों को मंगलवार को स्थानीय ग्रामीणों को जिम्मेनामा पर दे दिया गया है। उधर धुसरुआ गांव निवासी गुड्डू कुमार यादव ने पुलिस पर जबरन पशु छीन कर ले जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि उनके साथ नंदकेसर यादव, भीखन उरांव तथा राजेश्वर यादव एक साथ मिलकर पशु का व्यापार करते हैं। ये सारे पशु बिहार के कैमूर जिला के चैनपुर थाना अंतर्गत सिरसी पशु मेला से बछड़ा को खरीद कर लोहरदगा जिला के कुडू थाना क्षेत्र के सलनी बाजार बेचने ले जा रहे थे। तभी पुलिस बछड़ों के खरीदी कागजात को मारपीट कर छीन लिया तथा बछड़ा को जबरन थाना ले गयी।उक्त व्यापारियों ने न्याय की गुहार लगायी है। इस संबंध में थाना प्रभारी से पूछे जाने पर कहा कि लगाए गए सारे आरोप को गलत बताया है।

## अन्न दाता किसान सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन संपन्न






**संवाददाता**

हरदोई जनपद की नगर पंचायत गोपामऊ में 30 अप्रैल मंगलवार के दिन अन्न दाता किसान सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन गोपामऊ कस्बे के बाबा गोपीनाथ मंदिर में किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि बाबूराम निषाद राज्यसभा सांसद एवं विशिष्ट अतिथि राज्य सभा सांसद अशोक बाजपेई,जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन,क्षेत्रीय विधायक श्याम प्रकाश,प्रतीक्षा दीक्षित,जिलाउपाध्यक्ष रामबहादुर सिंह,ठाकुर संदीप सिंह,चेयरमैन हाजी वली मोहम्मद,किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष शिवराज सिंह, सत्यम शुक्ला,अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष सरताज गुड्डु आदि ने शिरकत की। मुख्य अतिथि बाबूराम निषाद ने आगामी लोकसभा चुनाव में पुन: नरेंद्र मोदी को प्रचंड बहुमत से प्रधानमंत्री बनाने एवं उनके नेतृत्व में भाजपा सरकार बनाने की लोगों से अपील की। उक्त कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित अन्न दाताओं ने किसान कल्याण हेतु फसल बीमा,पीएम किसान सम्मान निधि,मुफ्त राशन,जैसी विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं को लेकर मोदी सरकार के प्रति उत्साह एवं आभार जताया। अन्न दाता किसान सम्मेलन कार्यक्रम को सफल बनाने आए सभी नेतागणों पार्टी के पदाधिकारियों को चेयरमैन हाजी वली मोहम्मद ने फूल माला से स्वागत कर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान चेयरमैन के प्रतिनिधि नवी मोहम्मद आदि सैकड़ों किसान एवं क्षेत्र के सम्मानित प्रधान गण मौजूद रहें। अन्न दाता किसान सम्मेलन को आयोजित करने आए सभी नेतागण को हाजी वली मोहम्मद चेयरमैन के द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया किया।

# नामांकन के दूसरे दिन निर्दलीय उम्मीदवार ने भरा–पर्चा

**➤ बोले प्रत्याशी, चालकों के हित में करेंगे काम, हिट एंड रन कानून कराएंगे वापस**

**उरई/जालौन।** जालौन में 20 मई को पांचवें चरण में मतदान होना है। जिसके लिए नामांकन प्रक्रिया जारी है। नामांकन के दूसरे दिन जालौन में निर्दलीय उम्मीदवार चंद्रभान वर्मा टेंपो ड्राइवर ने अपना नामांकन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर राजेश कुमार पांडेय के समक्ष दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए निर्दलीय उम्मीदवार ने कहा कि वह चालकों के हित में काम करेंगे, साथ ही वह जीतते है तो हिट एंड रन कानून को वापस कराने का काम करेंगे, साथ ही क्षेत्र में अच्छी सड़कों को बनवाने का काम करेंगे, जिससे चालकों को किसी प्रकार की समस्या न हो सके। वही दूसरे दिन 6 प्रत्याशियों द्वारा 10 नामांकन पत्र खरीदे गए। नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन निर्दलीय उम्मीदवार चंद्रभान वर्मा टेंपो ड्राइवर अपना नामांकन पत्र दाखिल करने पहुंचे, जिन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पांडेय को अपना नामांकन पत्र दिया। नामांकन दाखिल करने के बाद निर्दलीय उम्मीदवार चंद्रभान वर्मा टेंपो ड्राइवरष् ने कहा कि पूरे देश में चालकों को सर्वाधिक समस्याएं होती हैं, वह खुद टेंपो ड्राइवर और वह चालकों के सम्मान में चुनावी मैदान में है। निर्दलीय उम्मीदवार चंद्रभान वर्मा ने कहा कि टेंपो ड्राइवर हर गली में जाता है, जहां उसे समस्याओं का सामना करना पड़ता है, सड़कें अच्छी नहीं है, इसीलिए चालकों के सम्मान में वह मैदान में है, साथ ही सरकार द्वारा हिट एंड रन कानून को लाया गया, जो चालकों के लिए एक समस्या है, हिट एंड रन कानून लाने से चालकों पर गहरा आघात पहुंचा है, इसीलिए यदि जनता द्वारा मौका दिया जाता है तो वह चालकों के लिए काम करेंगे और हिट एंड रन कानून को वापस करने का प्रयास करेंगे, क्योंकि चालक के बिना कोई भी बिना वाहन चलाए कोई भी व्यक्ति कहीं भी नहीं जा सकता है, इसीलिए यह कानून गलत लाया गया है, इसके अलावा चालकों के हित में क्षेत्र की बेहतर सड़कों को बनाने का काम किया जाएगा, जिससे चालकों को कोई समस्या न हो। बता दें कि नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन 6 प्रत्याशियों ने 10 पर्चे खरीदे, जिसमें सर्वाधिक निर्दलीय उम्मीदवार शामिल है।

## अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंती में पलटा ऑटोरूहादसे में एक की मौत, 5 शिक्षक घायल

**उरई/जालौन।** जालौन में मंगलवार को प्राईवेट स्कूल के शिक्षकों को लेकर जा रहा एक ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि पांच शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची, जिन्होंने सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक कौन है एक को मृत्यु घोषित कर दिया। जबकि पांच की हालत देखते हुए उन्हें हायर सेंटर उरई के लिए रेफर कर दिया। वहीं हादसे के बाद ऑटो चालक मौके से फरार हो गया। वहीं पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।घटना जालौन कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जालौन उरई स्टेट हाईवे स्थित अकोढी दुबे गांव के पास की है। यहां उरई से एक ऑटो यूपी 92 एटी 7328 जालौन के लिए जा रहा था, जिसमें प्रवीण शुक्ला (36 वर्ष) पुत्र सुनील निवासी साहब जालौन, तथा उसके साथ स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज में पढ़ने वाले शिक्षक रणधीर यादव (30 वर्ष) पुत्र हरगोविंद यादव निवासी झांसी, राहुल पांडेय 35 वर्ष पुत्र स्वर्गीय ओमप्रकाश निवासी अमराभट्ट कानपुर देहात, राज 18 वर्ष पुत्र राजू राजपूत निवासी करियापुर अमरा भट्ट कानपुर देहात, मनोज पांडेय (47 वर्ष) पुत्र ओमप्रकाश निवासी अमरा भट्ट कानपुर देहात तथा इरफान अली उम्र 28 वर्ष पुत्र मंसूर अली निवासी करियापुर अमराभट्ट कानपुर देहात सवार थे जैसे ही ऑटो जालौन उरई स्टेट हाईवे के ग्राम अकोढी दुबे के पास पहुंचा, तभी ऑटो रफ्तार तेज होने के कारण चालक अपना नियंत्रण खो बैठा, जिससे ऑटो सड़क किनारे खंती में जा पलटा। इस दौरान चालक मौके से भाग गया।इस हादसे के बाद उसमें सवार लोगों की चीख निकल पड़, जिसे सुनकर वहां से निकलने वाले राहगीर मौके पर पहुंचे, जिन्होंने पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलते ही जालौन कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची।

# महिला कैदियों को ले जा रही पुलिस गाड़ी में अचानक लगी आग





**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ – महिला कैदियों को ले जा रही पुलिस गाड़ी में अचानक आग लग। चालक एवं उसमें बैठी महिला बंदियों, पुलिसकर्मियों ने कूद कर अपनी जान बचाई। आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप लेकर पूरी गाड़ी को अपनी चपेट में ले लिया वहीं आस पास के रहागीरों में हड़कंप मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे दमकल कर्मी आग ने बुझाने में लग गए। आग कैसे लगी यह अभी नहीं पता चल सकी। माल एवेन्यू रोड पर मंगलवार को जेल से कोर्ट में पेशी पर महिला बंदियों को कोर्ट ले जाने वाली बंदी वैन में आग लगी। जिस वक्त यह घटना हुई, उस वक्त वैन में लगभग 8 महिला बंदी एवं 10 पुलिसकर्मी मौजूद थे। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। सीएफओ मंगेश कुमार ने कहा आग को पूर्ण रूप से बुझा दिया गया, कोई हानि नहीं हुई। बाद में जानकारी की गई तो बंदी वैन महिला बंदियों को न्यायालय पेशी ले जा रहे थे ।

## कैदियों और पुलिसकर्मियों ने कूद कर बचाई जान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में मंगलवार को राजभवन के गेट नंबर 14 के सामने जिला जेल से नौ महिला कैदियों को अदालत ले जा रहे पुलिस वाहन में आग लग गई। पुलिस ने बताया कि वाहन जलकर राख हो गया, लेकिन कैदियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। आग लगने से पुलिस वैन पूरी तरह जलकर राख हो गई। हालांकि, वैन में सवार महिला कैदियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। घटना के दौरान इलाके में अफ्ररा-तफ्ररी मच गई। महिला कैदियों को ले जा रहे पुलिस कर्मियों ने बताया कि वैन में नौ महिला कैदी और 14 महिला पुलिसकर्मी थीं। आनन-फ़ानन गाड़ी में बैठी नौ महिला कैदियों और 14 पुलिसकर्मियों समेत 23 लोगों ने कूद कर अपनी जान बचाई। हजरतगंज के अग्निशमन अधिकारी राम कुमार रावत ने बताया कि आग की सूचना मिलने पर कुछ ही देर में फ़ायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं और आग पर काबू पा लिया गया। उन्होंने कहा कि ड्राइवर ने पास में एक बैटरी देखी, जिसके बाद वाहन को रोका गया और कैदियों को सुरक्षाकर्मियों ने बाहर निकाला। उन्होंने बताया कि आग से कोई हताहत नहीं हुआ है। आग पर आधे घंटे में काबू पा लिया गया। हालांकि, तब तक पुलिस गाड़ी तब तक काफ़ी हद तक जल चुकी थी। बता दें कि राजभवन गेट नंबर 14 के पास दोपहर 12 बजे कैदियों को ले जा रही पुलिस गाड़ी के इंजन से धुआं निकलने लगा। देखते ही देखते गाड़ी से आग की तेज लपटें उठने लगीं। आग देख लोग चीख पुकार मचाने लगे।

# भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में सेंट्रल पब्लिक स्कूल के छात्रों ने लहराया जीत का परचम





**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ – राजधानी के शारदा नगर रजनी खंड के सेंट्रल पब्लिक स्कूल के छात्रों ने प्रतियोगिता में जीत दर्ज कर विद्यालय का नाम किया रोशन। आपको बता दे की इम्यूनोलॉजी दिवस के अवसर पर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में विजेता रहे आयुष बाजपेई को प्रथम स्थान, वेदांत को द्वितीय स्थान, अतुल चौरसिया को तीसरा स्थान मिला है। मॉडल प्रथम प्रतियोगिता में अखंड तेज पांडे को प्रथम पुरस्कार, आकाश दीक्षित को द्वितीय पुरस्कार, मॉडल तृतीय पुरस्कार में अनामिका अवस्थी को प्रथम पुरस्कार मिला है। श्रेष्ठ को द्वितीय पुरस्कार मिला है रंगोली प्रतियोगिता में आदित्य कुमार सिंह को प्रथम पुरस्कार, रिया सिंह को द्वितीय पुरस्कार, शालू चौरसिया को तृतीय पुरस्कार, काजल वाजपेई को चतुर्थ पुरस्कार, प्रश्नोत्तरी द्वितीय प्रतियोगिता में ऋषि यादव को प्रथम पुरस्कार, लवली बरनवाल को द्वितीय पुरस्कार, निकिता कुमारी को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्य दिव्या पांडे ने बताया कि स्कूल लगातार इस तरह की एक्टिविटी में बच्चों को शामिल कर करता रहता है ताकि बच्चों की प्रतिभा बढ़ सके और उन्हें नई – नई चीज़ सीखने को मिल सके और आज बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में हुई इस प्रतियोगिता में जीत दर्ज कर बच्चों ने स्कूल और लखनऊ का नाम रोशन किया है।

# कांग्रेस ने डोर टू डोर कार्यक्रम कर बांटे गारंटी कार्ड



**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ – इंडिया गठबंधन प्रत्याशी की जीत को लेकर कांग्रेस नेताओ ने लखनऊ में डोर टू डोर कार्यक्रम शुरू कर दिया है।यह जानकारी देते हुए यूपी कांग्रेस मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी ने मंगलवार को बताया कि यूपी युवा कांग्रेस मध्य के प्रदेश सचिव अभिषेक चौरसिया के संयोजकत्व में राजधानी के बुद्धेश्वर क्षेत्र में डोर-टू-डोर कार्यक्रम किया गया।कार्यक्रम में प्रदेश युवा कांग्रेस मध्य के प्रदेश अध्यक्ष दीपक शिवहरे मुख्य रूप से मौजूद रहे। डोर टू डोर कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस द्वारा अपने घोषणापत्र में आम जनमानस को दी गयी गारंटियों के सम्बन्ध में गारण्टी कार्ड वितरित कर व्यापक जनसंपर्क किया गया।प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक शिवहरे ने कहा कि इस डोर टू डोर कार्यक्रम में जनता का कांग्रेस पार्टी के प्रति काफी रुझान देखने को मिल रहा है।उन्होंने बताया कार्यक्रम में युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष शरद शुक्ला, महासचिव मो. समीर, अभय सिंह, चांद जिब्राइल, अमर वर्मा, शिवेन्द्र सिंह, अवधेश द्विवेदी समेत तमाम युवा कांग्रेसी शामिल रहे।

# प्रेम को दर्शाता नाटक हैप्पी का मंचन किया गया





**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ – यायावर रंगमण्डल द्वारा आयोजित 40 दिवसीय बहुआयामी थियेटरवर्कशाप में तैयार नाटक हैप्पी का मंचन संगीत नाटक अकादमी के वाल्मीकि रंगशाला में हुआ। जिसका लेखन प्रफुल्ल त्रिपाठी और निर्देशन पुनीत मित्तल ने बहुत ही सुन्दर तरीके से किया। शारीरिक यानी फिज़िकल मूवमेन्ट्स, कविताओं और संवादों के माध्यम से नाटक हैप्पी का पूरा ताना बाना बुना गया। हैप्पी में बाघ का एक बच्चा अपने परिवार से भटक कर फॉरेस्टऑफिसर संजीव के घर के बागीचे में पहुचता है, फॉरेस्ट ऑफिसर की 8 साल की बेटी सुनैना बाघ के बच्चे को बिल्ली का बच्चा समझकर घर के अन्दर ले आती है, और काफी दिनों तक माँ राधिका और बेटी दोनों मिलकर फॉरेस्ट ऑफिसर संजीव से उसको छुपाते हुए पूरी ममता से लालन – पोषण करती है, लेकिन संजीव को पता चल जाने के बाद दोनों में बाघ के बच्चे को रखने और न रखने को लेकर तीव्र बहस होती हैं। बाघ का बच्चा घर में बढ़ते कलह को महसूस करने के बाद खुद ही जंगल चला जाता है और वहां उसकी मृत्यु हो जाती हैं। प्रेम के संयोग और वियोग से गुजरते हुए यह कहानी आपको ऐसे मोड़ पर छोड़ती है जहाँ से प्रेम के अलावा कुछ और ले जाना शायद मुमकिन न हो। पुनीत मित्तल के निर्देशन में तैयार नाटक को दर्शकों ने खुब सराहा और दर्शकों से भरे प्रेक्षागृह में सभी ने तालियों से प्रतिभागियों का स्वागत किया। नाटक मे हैप्पी की भूमिका में हर्षिता गुप्ता, %राधिका की भूमिका में नीलम मौर्या, %चिड़िया की भूमिका में, तमन्ना सिंह, आद्या घोषाल, दीपा यादव, अंशिका पाठक ने सराहनीय प्रस्तुति दी। अभिषेक गुज्जर, सर्वजीत सिंह, सुश्रुत गुप्ता, अक्षिता मिश्रा, अभिनव सिंह, अक्षद सक्सेना, अंकित कुमार, शातनु चौहान, अश्मित कुमार, शैलेन्द्र सिंह और संन्तोष सूर्यवशी ने अपनी कला से दर्शकों का दिल जीता। प्रकाश परिकल्पना एवं संचालन मो. हफीज, मंच व्यवस्था अनूप कुमार सिंह, रुप सज्जा, मनोज वर्मा, का रहा। मंच संचालन नवल शुक्ला ने किया।

## समाचार

### संजय कैलाष पांडेय बने भाजपा के प्रदेष कामगार मोर्चा के प्रदेश सचिव



**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी ठाणे पालघर विभाग के उपाध्यक्ष रहे संजय कैलाश पांडे को प्रदेश के ऊर्जावान उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस एवं प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले की अनुशंसा पर प्रदेश कामगार मोर्चा का सचिव प्रदेश अध्यक्ष विजय हयगुडे द्वारा नियुक्ति की गयी है। संजय कैलाश पांडे वसई विरार क्षेत्र में कर्मठ समाज सेवी के साथ-साथ भारतीय जनता पार्टी की रीतीयो और नीतियों के विषय में विस्तार से कार्य किया है। संजय पाण्डेय भाजपा से लम्बे समय से जुडे रहे है, पिछले कई चुनाव एवं आंदोलनों मे पाण्डेय की उपयोगिता सराहनीय रही है,संजय पांडे की नियुक्ति पर भाजपा नेता रमेश पांडे, प्रद्युम्न शुक्ला, कपिल वर्मा, शिव दयाल मिश्र, बबलू नाडार आदि ने शुभकामनायें दी है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से साइकिल सवार घायल



**महराजगंज/रायबरेली** महराजगंज बछरावां रोड पर सरकारी अस्पताल के पास साइकिल से घर जा रहे एक युवक को तेज अनियंत्रित ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची डायल 108 की मदद से उसे सीएचसी पहुंचाया गया, जहां हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया है।महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव महापतगंज मजरे बावन बुजुर्ग बल्ला का रहने वाला बुद्धू पासी (30) पुत्र पंचम किसी काम से कस्बा आया हुआ था, जहां से वापस घर लौट रहा था, तभी बछरावां रोड पर स्थित सरकारी अस्पताल के पास पीछे से अनियंत्रित एक ट्रैक्टर ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे डायल 108 एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया गया। जहां हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है, वहीं पुलिस ने ट्रैक्टर तथा चालक को हिरासत में ले लिया है।

### नाबालिक लड़की को भगा ले जाने के आरोपी पर केस दर्ज

**महराजगंज** कोतवाली क्षेत्र के एक गाँव में 17 वर्षीया नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर टीम गठित कर नाबालिक की तलाश शुरू कर दी है।पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक घटना 28 अप्रैल 2024 दिन में 2रू00 बजे की है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले एक पिता ने अपनी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप कस्बा व थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी के रहने वाले मोहित उर्फ हिमांशु मौर्य पुत्र शिवनारायण मौर्य पर लगाते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। पीड़िता के पिता ने पुलिस को बताया कि, आरोपी युवक ने बीते रविवार को उसकी नाबालिग पुत्री को अकेला पाकर बहला फुसलाकर भगा ले गया है। मामले में कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया कि, मिली तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है टीम गठित कर लड़की की तलाश शुरू कर दी गई है।

### शादी का झांसा देकर विधवा का शारीरिक शोषण, रिपोर्ट दर्ज

**लखनऊ।** हुसैनगंज थाना अंतर्गत एक विधवा को शादी का झांसा देकर परिचित दो साल से उसका शारीरिक शोषण करता रहा। जब वह गर्भवती हुई, तो उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। शादी का दबाव बनाने पर आरोपी के भाई ने उसके पेट पर लात मारकर भ्रूण हत्या करने की कोशिश की। महिला ने आरोपी युवक, उसके भाई और बहनोई के खिलाफप्राथमिकी दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक रामकुमार गुप्ता के मुताबिक, क्षेत्र की रहने वाली महिला (35) के पहले पति की मौत हो गई थी। पहले पति से उसके दो बच्चे हैं। वह चारबाग रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों में पान-मसाला बेचती है। महिला ने बताया कि इस दौरान उसकी मुलाकात रायबरेली जनपद के हरदासपुर गौरीगंज निवासी हरिओम से हुई। हरिओम ट्रेन में रेवड़ी बेचता था। महिला का कहना है कि शादी करने का झांसा देकर हरिओम उसका शारीरिक शोषण करने लगा। जब वह गर्भवती हुई तब आरोपी उससे मारपीट करने लगा। शादी का दबाव देने पर हरिओम के भाई शुभम वैश्य ने उसके पेट में लात मार दी। जिससे उसे रक्तश्राव होने लगा। हालत बिगड़ने पर हरिओम बहनोई जितेंद्र को लेकर उसका गर्भपात करवाने के लिए जबरन प्राइवेट अस्पताल लेकर गया। जहां मौका मिलते ही पीड़िता भाग निकली। इसके बाद महिला ने सम्बन्धित थाने में आरोपियों के खिलाफकार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है।

### बीएसपी कैंडिडेट सरवर मलिक ने किया नामांकन

**लखनऊ।** लखनऊ लोकसभा सीट पर मंगलवार को बसपा के प्रत्याशी सरवर मलिक ने नामांकन दाखिल कर दिया। वह अपने समर्थकों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे। बसपा की ओर से कोई जुलूस नहीं निकाला गया। सरवर मलिक अपने सहयोगियों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे और नामांकन किया। बसपा की ओर से समर्थकों को स्वास्थ्य भवन चौराहे के पास एकत्र होने के लिए कहा गया जहां से कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट के पास पहुंचे। लखनऊ की लोकसभा सीट से बीएसपी उम्मीदवार सरवर मलिक मंगलवार को नामांकन करने पहुंचे। सरवर मलिक ने कहा, लखनऊ में उनकी लड़ाई सीधे बीजेपी के उम्मीदवार रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से है। सरवर मलिक ने कहा कि लखनऊ में इंडी गठबंधन का उम्मीदवार पूरी तरीके से डमी कैंडिडेट है। उन्होंने दावा किया, इस बार लखनऊ में बीएसपी चुनाव जरूर जीतेगी। सरवर मलिक ने बीजेपी के द्वारा लखनऊ में 5 लाख वोटों से जीतने के दावे को हवा हवाई बताया। उन्होंने कहा कि दावा कुछ भी किया जा सकता है। मगर इस बार लखनऊ में बीएसपी की लहर है। 2022 में लखनऊ में बीएसपी से विधानसभा का चुनाव लड़ने वाले सरवर मालिक से जब पिछले परिणाम के बारे में पूछा गया।

# गायत्री ज्ञान मंदिर का ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत में 408वाँ युग ऋषि ऋषि वाड्मय की स्थापना

● सद्ज्ञान व्यक्ति को नर से नारायण बना सकता है - उमानंद शर्मा



**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ – गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत इरम कॉन्वेट कालेज कुर्सी रोड, लखनऊ में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 408वाँ ऋषि वांड्मय की स्थापना कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार की सक्रीय कार्यकर्ता हंस ने अपने सम्मानित पूर्वजों की स्मृति में भेंट किया साथ-साथ उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक/शिक्षिकाओं को भी एक-एक अखण्ड ज्योति पत्रिका भेंट की। इस अवसर पर वाड्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि सद्ज्ञान व्यक्ति को नर से नारायण बना सकता है। हंस ने भी अपने विचार व्यक्त किये। संस्थान की प्रधानाचार्या शाइमा खान ने धन्यवाद ज्ञापन व्यक्त किया। इस अवसर पर उमानंद शर्मा, सर्वश्री अनिल भटनागर, किशोर अरोड़ा, हंस, संस्थान की प्रधानाचार्या शाइमा खान, प्रशासनिक अधिकारी आर. के. बाजपेयी, महज़्मी हाशमी, सहित शिक्षक/शिक्षिकायें एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित थे।

# बीएसपी उम्मीदवार राजेश कुमार ने मोहनलाल गंज से किया नामांकन

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में मंगलवार को मोहनलालगंज से बीएसपी उम्मीदवार राजेश कुमार उर्फ मनोज प्रधान अपना नामांकन दाखिल करने कलेक्ट्रेट पहुंचे। बीएसपी की ओर से आज लखनऊ लोकसभा सीट से सरवर मलिक और मोहनलालगंज सीट से राजेश कुमार ने अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। नामांकन दाखिल करने पहुंचे राजेश कुमार ने कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव बहुत ही महत्वपूर्ण है। बीएसपी और मायावती के बिना सरकार बनना संभव नहीं है। राजेश कुमार ने कहा कि 2024 लोकसभा का चुनाव देश के युवाओं का चुनाव है और इस बार बीएसपी की ओर से आकाश आनंद जिस तरीके से चुनावी मैदान में उतरे हैं, इससे उत्तर प्रदेश समेत पूरे देश का युवा प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि आकाश आनंद स्वयं एक युवा है और देश के युवाओं का दुख समझ रहे हैं। आकाश आनंद पर हुई एफ्फआईआर का विरोध करते हुए कहा कि यह लोकतंत्र में तानाशाही है और पिछड़ों की आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। राजेश कुमार ने मोहनलालगंज में बीजेपी उम्मीदवार केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर पर हमला करते हुए कहा कि 5 वर्षों में उनके द्वारा क्षेत्र में कोई विकास का काम नहीं किया गया है, जिससे क्षेत्रीय लोग काफी नाराज हैं हमारा संकल्प है, क्षेत्र में बेहतर शिक्षा व्यवस्था देना बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करना बीमारों और बुजुर्गों के लिए बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था प्रदान करना।

# चार सौ पार मतलब आरक्षण पर वार: पीएल पुनिया




**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ – कांग्रेस ने आरक्षण को लेकर भाजपा सरकार को घेरा है।पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद पीएल पुनिया ने कहा है कि शासकीय नौकरियों में आउटसोर्सिंग का खेल खेलकर मोदी सरकार आरक्षण पर प्रहार कर रही है।उन्होंने कहा इस बार लोकसभा चुनाव में 400 के पार के नारे का मतलब आरक्षण पर वार है।भाजपा के कई वरिष्ठ नेता कह रहे हैं कि संविधान बदलने के लिए मोदी जी को 400 सीटे चाहिए।श्री पुनिया मंगलवार को यूपी कांग्रेस मुख्यालय पर प्रदेश उपाध्यक्ष सुशीला पासी, ममता चौधरी और मनोज यादव के साथ पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि केन्द्र में भाजपा की सरकार ने कदम रखते ही दलितों, वंचितों, शोषितों का शोषण प्रारंभ कर दिया था जो इस बात का संकेत है कि भाजपा अपने प्रचण्ड बहुमत का दुरूपयोग कर डॉ अम्बेड़कर द्वारा रचित संविधान पर प्रहार करेगी। प्रेसवार्ता में पूर्व सांसद पीएल पुनिया ने कहा कि 2014 में सत्ता में आते ही भाजपा सरकार ने किसानों की भूमि के उचित मुआवजा कानून पर आक्रमण किया फिर किसानों की आमदनी हड़पने के लिए कृषि के काले कानून लाने का दुस्साहस किया।सरकार ने दूसरा बड़ा प्रहार सार्वजनिक उपक्रमों को बेंच कर किया।पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री पुनिया ने कहा कि मोदी सरकार के चहेते धन्नासेठ 1600 करोड़ रूपये प्रतिदिन कमा रहे हैं और 80 प्रतिशत एससी / एसटी तथा ओबीसी के किसानों को 27 रूपये प्रतिदिन मिल रहे हैं।उन्होंने कहा कि यही हाल 20 करोड़ एससी/एसटी, ओबीसी रजिस्टर्ड मनरेगा मजदूरों का है। इनके साथ कुठाराघात करके उत्तर प्रदेश में मनरेगा मजदूरी मात्र 7 रुपये बढ़ाई है जो अब 237 रुपये हो गई है।जबकि पार्लियामेंट्री कमेटी ने 375 रुपये प्रतिदिन मनरेगा मजदूरों को देने की सिफारिश की थी।उन्होंने कहा कि कांग्रेस सत्ता में आते ही जातिगत जनगणना करायेगी और मनरेगा की मजदूरी प्रतिदिन 400 रूपये दी जायेगी।प्रेस वार्ता में प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अंशू अवस्थी मौजूद रहे।

# कैसे घबराया साहिब, बात-बात पर डरता है!

शुक्रवार, 26 अप्रैल को हुए दूसरे चरण के मतदान ने, संघ-भाजपा की कुशंकाओं की और बाकी सब के इसके व्यापक अनुमानों की पुष्टिड्ढ कर दी है कि जिस मोदी लहर का इतना ढोल पीटा जा रहा था, वह तो खैर इस चुनाव में खोजे से भी नहीं मिलेगी, अलबत्ता इस बार मोदी उतार के काफी प्रबल लक्षण हैं। ये लक्षण, 4 जून को मोदी के सत्ता से उतरने तक ले जाएंगे या उससे कुछ पीछे रह जाएंगे या पहले ही रोक दिए जाएंगे, इसके लिए तो बेशक अभी सवा महीने और इंतजार करना पड़ेगा। लेकिन, इस चुनाव में मोदी के उतार पर रहने के जो लक्षण पहले चरण में सामने आये थे, उनकी दूसरे चरण ने पुष्टिड्ढ कर दी है। पहले चरण में अगर, 2019 के चुनाव के मुकाबले, 102 सीटों पर हुए मतदान में कुल मिलाकर 4 फीसद वोट की गिरावट देखने को मिली थी, तो दूसरे चरण के मतदान में भी वही रुझान बना रहा है। दूसरे चरण में 13 राज्यों की 88 सीटों पर जो वोट पड़े हैं, उनमें 2019 के चुनाव के मुकाबले 3 फीसद से अधिक गिरावट दर्ज हुई है। इस गिरावट से पहले चरण के बाद से लगाए जा रहे इस अनुमान की पुष्टिड्ढ हो गयी है कि मतदान में यह गिरावट, कमो-बेश इस पूरे चुनाव की ही विशेषता रहने जा रही है। जाहिर है कि इस गिरावट के संकेत भी, पूरे चुनाव के लिए ही सच होने चाहिए। दूसरे चरण की 88 सीटों में इस गिरावट में बेशक, केरल में हुई 6.5 की गिरावट भी शामिल है। लेकिन, इस राज्य की 20 सीटों पर मुकाबले से भाजपा को तो एक तरह से बाहर ही माना जा रहा है और इसलिए इसके रुझान से भाजपा की सेहत पर ज्यादा असर नहीं पड़ेगा। पर इस चरण में मत फीसद में यह गिरावट 13 राज्यों में से पूरे 11 में दिखाई दी है। छत्तीसगढ़ और कर्नाटक ही इसका अपवाद रहे हैं और कम से कम कर्नाटक का इस रुझान का अपवाद रहना तो, किसी भी तरह से भाजपा के लिए अच्छी खबर नहीं है। कुछ ही महीने पहले जोरदार तरीके से कांग्रेस के शासन में आये कर्नाटक में, जहां 2019 में भाजपा 28 में से 26 सीटों पर काबिज हो गयी थी, मत फीसद में बढ़ोतरी उसके संसदीय बोलबाले के छीझने का ही संकेत हो सकती है। बहरहाल, भाजपा के लिए इससे भी महत्वपूर्ण संकेत, उसका गढ़ मानी जाने वाली हिंदी पट्टी में मत फीसद में बिहार में 3.5 फीसद, मध्य प्रदेश में 9.1 फीसद, उत्तर प्रदेश में 7 फीसद, राजस्थान में 3.4 फीसद की गिरावट होना है। पहले चरण में भी दर्ज हुई इस गिरावट का दूसरे चरण में भी जारी रहना, इसका स्पष्टड्ढ संकेत है कि 2019 के चुनाव में, सबसे बढ़कर पुलवामा और बालाकोट के सहारे, राष्ट्रड्ढवाद के जिस आख्ड्ढयान के बल पर उठाई गई लहर के ज्वार ने भाजपा को तीन सौ पार पहुंचाया था, वह ज्वार कब का उतर कर भाटा बन चुका है और इस बार पूरे चुनाव में भाटा ही बना रहने जा रहा है। यह वही हिंदी पट्टड्ढटी है जहां विपक्ष के नाम पर कांग्रेस को मप्र तथा बिहार में एक-एक सीट और उत्तर प्रदेश में सपा-बसपा का एका होने के बाद भी, उसे 15 तथा कांग्रेस को एक सीट ही मिल पाई थी। उसी हिंदी पट्टी में मतदान में उल्लेखनीय गिरावट, तीसरी बार मोदी सरकार के नारे के प्रति मतदाताओं की उदासीनता से लेकर विमुखता तक का खुला ऐलान कर रही है। जैसा कि अधिकांश राजनीतिक प्रेक्षकों ने दर्ज किया, पहले चरण के मतदान के संकेतों से हुई घबराहट का नतीजा, खुद नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा के अपनी प्रचार कार्यनीति में साफ-साफदिखाई देने वाला बदलाव कर, खुल्लमखुल्ला सांप्रदायिक अपील को प्रचार केंद्र में लाने के रूप में सामने आया। ड्क्षहदीभाषी पट्टी में ही राजस्थान में, बांसवाड़ा के अपने कुख्ड्ढयात भाषण से प्रधानमंत्री ने इसकी शुरूआत की, जिसमें कांग्रेस के चुनाव घोषणापत्र तथा उसके तत्कालीन प्रधानमंत्री, मनमोहन सिंह के 2006 के एक भाषण का नाम लेकर, विपक्ष पर गरीब दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों की संपत्तियां, विशेष रूप से महिलाओं का सोना तथा मंगलसूत्र तक जब्त करने के मंसूबे बनाने का ही आरोप नहीं लगाया गया, नाम लेकर यह आरोप भी लगाया गया कि वे ये संपत्तियां छीनकर मुसलमानों में यानी ज्यादा बच्चे पैदा करने वालों में, घुसपैठियों में बांटेगी! इस सरासर झूठे दावे और खुली सांप्रदायिक अपील के खिलाफ कांग्रेस समेत अनेक विपक्षी पार्टियों और हजारों आम नागरिकों के भी चुनाव आयोग से शिकायत करने से लेकर, पुलिस से शिकायत करने तक के बावजूद, प्रधानमंत्री मोदी ने पहले और दूसरे चरण के मतदान के बीच के दौर में अपने चुनावी भाषणों में इसी को अपना मुख्ड्ढय राग बनाए रखा है। हां! उन्होंने इतना जरूर किया कि बाद में मुसलमान शब्द का प्रयोग न करने की सावधानी बरतनी शुरू कर दी और उसकी एवज में तुष्टड्ढीकरण के लाभार्थी की संज्ञा का सहारा लेना शुरू कर दिया। बाद में चुनाव आयोग के एक अनोखे फैसले में, इन भाषणों पर शिकायतों के सिलसिले में भाजपा अध्यक्ष, जेपी नड्डड्ढा को पत्र लिखकर जवाब मांगने के बाद भी, प्रधानमंत्री मोदी ने न अपने झूठ से तौबा की और न सांप्रदायिक दुहाई से। बहरहाल, इस सब के बावजूद दूसरे चरण के मतदान में, 2019 के मुकाबले पहले चरण की जैसी ही गिरावट ने, खुल्लमखुल्ला सांप्रदायिक दुहाई के इस हथियार के भी भोंथरा साबित होने के अपने स्पष्टड्ढ संकेत से साहब की घबराहट और बढ़ा दी है। आखिर, एक यही तो हथियार है जिसका इस्तेमाल करने में उन्हें महारत हासिल है। बहरहाल, जैसा कि अनेक राजनीतिक प्रेक्षकों ने दर्ज भी किया है, दूसरे चरण के बाद से संघ-भाजपा की कार्यनीति में बदलावों का एक और चक्र शुरू हो चुका है। बेशक, ऐसा नहीं है कि अब कांग्रेस के घोषणापत्र के संबंध में, उसके संपत्ति छीनकर मुसलमानों को बांटने के आरोपों का सांप्रदायिक झूठ छोड़ ही दिया गया है। कतई नहीं। यह झूठ बराबर दोहराया जा रहा है, किंतु थोड़े बदलाव के साथ। दूसरे चरण के लिए प्रचार के आखिर तक आते-आते, इस झूठ में एक नया तत्व जोड़कर, इसे दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों यानी हिंदुओं से आरक्षण छीनकर, मुसलमानों को देने के षडयंत्र की दिशा में बढ़ाया जा चुका था। दूसरे चरण के बाद से अब विशेष रूप से इसी के सहारे सांप्रदायिक दुहाई को आगे बढ़ाया जा रहा है। बहरहाल, यह बदलाव सिर्फ इतना ही नहीं है। इसके साथ एक और तत्व भी जुड़ा हुआ है। ऐसा लगता है कि संघ-भाजपा की मनुवादी आरक्षणविरोधी प्रकृति तथा उसके जातिगत जनगणना के खिलाफ होने की विपक्ष की आलोचनाओं के संदर्भ में, अबकी बार चार सौ पार का मोदी का नारा, सामाजिक रूप से वंचितों के बीच उल्टा काम कर रहा है। इस चुनाव में भाजपा के कम से कम चार प्रत्याशियों के संविधान बदलने के लिए चार सौ जरूरी होने के अलग-अलग दावों से, कमजोर तबकों की इसकी आशंकाओं को बल मिला है कि चार सौ पार के पीछे मंशा, संविधान को ही बदल देने और आरक्षण को खत्म करने की है। इस जोर पकड़ती धारणा से पीछा छुड़ाने की कोशिश में मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने विपक्ष के खिलाफ आरक्षण की चोरी के आरोपों का स्वर ही तेज नहीं कर दिया है, वे बार-बार इसका भरोसा दिला रहे हैं कि खुद संविधान को बदलना तो दूर, जिसमें आरक्षण भी शामिल है, वे तो किसी और को




बदलने भी नहीं देंगे। अमित शाह ने मोदी की ओर इसकी मोदी गारंटी देनी शुरू कर दी है। घबराहट इतनी ज्यादा है कि मोदी की सभाओं में चार सौ पार का जिक्र तक गायब हो गया है। इतना ही नहीं, अब तो फिर एक बार मोदी सरकार जैसे सीधे नारों से भी बचा जा रहा है और महाराष्ट्रड्ढ में हाल की अपनी चुनाव सभाओं में प्रधानमंत्री मोदी गरीबों की सरकार, दलितों की सरकार, पिछड़ों की सरकार के नारे लगवाते नजर आए! इस बीच विकसित भारत के नारे, पांच ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था के दावे और भारत के महाशक्ति बना दिए जाने की शेखियां, सब प्रचार की प्राथमिकताओं में पीछे छूट गए हैं। इस तरह, चुनाव के तीसरे चरण की ओर बढ़ते हुए, मोदी की भाजपा कुल मिलाकर बचाव की मुद्रा अपनाने पर मजबूर होती नजर आ रही है। यह उसके खुली सांप्रदायिक दुहाई का सहारा लेने के बावजूद है। उसके दुर्भाग्य से बचाव की यह मुद्रा भी काम आती नजर नहीं आ रही है। बेशक, अपनी ओर से कोई कसर न छोड़ते हुए, उसने सीधे आरएसएस को भी प्रत्यक्ष रूप से मैदान में उतरने के लिए तैयार कर लिया है और स्वयं आरएसएस सरसंघचालक ने एक बयान जारी कर, इसका ऐलान किया है कि आरएसएस के खिलाफ यह झूठा प्रचार हो रहा है कि वह आरक्षण के खिलाफहैय आरएसएस हमेशा से संविधान-प्रदत्त आरक्षण के पक्ष में रहा है।

# संपादकीय

## महंगाई के बीज

इसमें दो राय नहीं कि केंद्रीय बैंक व सरकार के प्रयासों के बावजूद खुदरा महंगाई पर नियंत्रण के लक्ष्य हासिल नहीं हो सके हैं। बीते माह इसके 4.9 फीसदी रहने से आस जगी थी कि आरबीआई के चार फीसदी के लक्ष्य को हासिल करना आसान हो सकेगा। लेकिन साथ ही केंद्रीय बैंक ने चेताया भी है कि दुनिया में कई मोर्चों पर जारी युद्ध और समुद्री जहाजों को निशाना बनाने से आपूर्ति शृंखला बाधित हुई है। जिससे महंगाई को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा मिल सकता है। दरअसल, भारत जैसे देश जहां कच्चे तेल का अस्सी फीसदी हिस्सा आयात होता है, वहां इसके दामों में उछाल का असर भारत में महंगाई बढ़ाने के रूप में होगा। दरअसल, मालभाड़े में वृद्धि से भी महंगाई बढ़ती है। आरबीआई ने हाल के दिनों में मौसम की तल्खी को भी महंगाई बढ़ने का कारक बताया है। अब रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने चिंता जतायी है कि महंगाई के एक प्रमुख घटक सब्जियों की बढ़ी कीमतों से आने वाले कुछ समय में राहत नहीं मिलने वाली। देश की आम और शाकाहारी आबादी पूरी तरह से सब्जियों पर निर्भर है। खासकर सब्जियों में एक तिहाई की भूमिका निभाने वाले आलू, प्याज और टमाटर का इसमें बड़ा रोल होता है। एक के भी दाम बढ़ने पर आम आदमी की थाली का संतुलन बिगड़ जाता है। पिछले कई सालों में महंगाई का ग्राफ देखें तो आलू, प्याज और टमाटर के दामों में आए अप्रत्याशित उछाल लोगों के आक्रोश की वजह बने हैं। जिसका खमियाजा सरकारों को गाहे-बगाहे उठाना पड़ा है। दरअसल, हाल के दिनों में ग्लोबल वार्मिंग के चलते मौसम के व्यवहार में अप्रत्याशित बदलाव आए हैं। जिसके चलते कम समय में तेज व ज्यादा बारिश होने से सब्जियों की फसलों को भारी नुकसान होता है। खासकर प्याज के सबसे उत्पादक राज्य महाराष्ट्र आदि या टमाटर उत्पादक राज्यों में मौसमी हालात बिगड़ने से पूरे देश में सब्जियों की कीमतों को लेकर हो-हल्ला मचने लगता है। हालांकि, मौसम विभाग ने इस बार मानसून के सामान्य रहने की बात कही है, लेकिन कई राज्यों में इसका व्यवहार अलग-अलग होता है। बीते वित्त वर्ष में भी दक्षिण-पश्चिम मानसून सामान्य कहे जाने के बावजूद सामान्य नहीं था। कहीं ज्यादा बारिश हुई तो कहीं कम। इसलिये अतिवृष्टि, अनावृष्टि व बाढ़ का सीधा असर सब्जियों के दामों पर पड़ता है। आज सब्जी हर आम आदमी के खाने का अनिवार्य हिस्सा है इसलिये इनके दाम-बढ़ने पर जन-आक्रोश बढ़ना स्वाभाविक है। फिर मीडिया भी इन खबरों को चटखारे लेकर प्रकाशित-प्रसारित करता है, जो कालांतर महंगाई बढ़ाने का कारण भी बनता है। कुछ जगह तो खबरों की देखा-देखी ही सब्जियों के दाम बढ़ जाते हैं। दरअसल, इन खबरों का लाभ बिचौलिये व आढ़ती उठाते हैं। देश में भण्डारण की पर्याप्त सुविधा न होने का लाभ भी बड़े सब्जी कारोबारी उठाते हैं।

## सूरत कांड की इंदौर में पुनरावृत्ति

लोकसभा चुनाव में मध्यप्रदेश के इंदौर से कांग्रेस के उम्मीदवार अक्षय कांति बम ने जिस प्रकार से नामांकन वापसी के अंतिम दिन नाम वापस लिया है, वह गुजरात के श्सूरत कांड की पुनरावृत्तिश् ही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का श्गुजरात प्रवर्तित राजनैतिक मॉडलश् कदाचित यही है जिसका उल्लेख उन कारकों में से एक के रूप में अवश्य याद किया जायेगा जिनके कारण देश का लोकतंत्र मौजूदा हालत में है। यह अलग बात है कि कुछ लोग, यहां तक कि मीडिया का एक धड़ा इसे श्मास्टरस्ट्रोकश् निरूपित कर सकता है, लेकिन उन्हें भी याद रखना होगा कि राजनीति को नैतिकता, मूल्यों एवं आदर्शों से मुक्त करने का तात्कालिक लाभ तो मिल सकता है परन्तु वह देश के स्थायी हित में कतई नहीं हो सकता। इसकी कीमत कभी न कभी जिम्मेदार व्यक्ति या संगठन को उठानी ही पड़ेगी जो किसी भी रूप में इसके लिये जिम्मेदार हैं या जिनकी ऐसे कृत्यों में प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष भागीदारी रही हो। लोग यह भूल भी नहीं पाये थे कि अक्षय ने जब कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया था तब उनके साथ शक्ति प्रदर्शन के रूप में निकले जुलूस में खुद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी उपस्थित थे। हफ्ते भर में ही भारतीय जनता पार्टी ने गुपचुप श्आपरेशन लोटसश् चलाकर उन्हें अपने पाले में कर लिया। अब वहां से भाजपा के उम्मीदवार शंकर लालवानी का जीतना तय कहा जा सकता है क्योंकि इस सीट पर मुख्य प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस ही थी। सोमवार को अक्षय कांति इंदौर के विधायक रमेश मेंदोला के साथ कलेक्टर यानी निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय पहुंचे और अपना नामांकन वापस ले लिया। मप्र की भाजपा सरकार में मंत्री तथा पार्टी के कद्दावर नेता कैलाश विजयवर्गीय की कार में वे लौटे। गर्वित विजयवर्गीय ने इसकी एक सेल्फी अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अक्षय का अपनी पार्टी में स्वागत किया है। कई वर्षों से इंदौर की सीट पर भाजपा का कब्जा रहा है। इस बार कांग्रेस ने अपना युवा नेता उतारा था जिसके पक्ष में कांग्रेस के बड़े नेता प्रचार भी कर रहे थे और माना जा रहा था कि इस बार यहां से भाजपा की राह बहुत आसान नहीं है। पिछले विधानसभा चुनाव में अक्षय ने इंदौर की चार सीटों पर दावेदारी की थी जिसे स्वीकार नहीं किया गया था। इसके बजाय कांग्रेस ने उन्हें देश की सबसे बड़ी पंचायत का टिकट थमाकर उनमें अपना भरोसा जताया था। बताया यह जाता है कि इनके खिलाफ दायर एक 17 वर्ष पुराने मामले में तीन दिन पहले ही धारा 307 जोड़ी गई थी। क्या ऐसे नाजुक मौके पर अपनी पार्टी की पीठ में नहीं वरन छाती में छुरा भोंकने की वजह यही मामला है? वैसे इस सीट पर तीन अन्य प्रत्याशियों ने भी अपने नामांकन वापस ले लिये हैं। याद हो कि कुछ ही दिन पहले गुजरात की सूरत लोकसभा सीट पर भी लगभग ऐसा ही एपीसोड हुआ है।

# 'पुनर्वितरण' की कवायद और चुनावी पारा

**हैदराबाद में एक रैली में, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने संकेत दिया कि अगर कांग्रेस सत्ता में आती है तो पार्टी जाति सर्वेक्षण के वादे के बाद देश की संपत्ति, नौकरियों और अन्य कल्याणकारी योजनाओं का आर्थिक रूप से पुनर्निर्धारण करेगी। उन्होंने कथित तौर पर कहा, 'हम एक जाति जनगणना करेंगे ताकि पिछड़े, एससी, एसटी, सामान्य जाति के गरीबों और अल्पसंख्यकों को पता चले कि देश में उनकी (संख्या के संदर्भ में) कितनी हिस्सेदारी है। इसके बाद, यह पता लगाने के लिए एक वित्तीय और संस्थागत सर्वेक्षण किया जाएगा कि देश की संपत्ति किसके पास है। हम आपको वह देंगे जो आपका अधिकार है।**

भारत में चुनावी माहौल हर दिन गर्म होता जा रहा है। विभिन्न राजनीतिक दल अपने-अपने तरीके से मतदाताओं को लुभाने की कोशिश कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी ने अपने चुनावी घोषणा पत्र, जिसे वह संकल्प पत्र कहती है, में साफ कहा है कि वह समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए काम करेगी। पार्टी का मुख्य फोकस भारत के युवाओं, महिलाओं, गरीबों और किसानों पर है। जब कांग्रेस समेत अन्य राजनीतिक दल जाति आधारित जनगणना की मांग कर रहे थे, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साफ कहा था कि देश को जाति के नाम पर बांटना 'पाप' है। उन्होंने यह भी कहा कि उनके लिए चार सबसे बड़ी जातियां युवा, महिलाएं, गरीब और किसान हैं और उनकी पार्टी उनकी बेहतरी के लिए काम करेगी। पीएम के रूप में मोदी के पिछले 10 वर्षों के कार्यकाल के दौरान जाति और धर्म के आधार पर कभी कोई भेदभाव नहीं हुआ। इस बीच, सरकार ने गरीबों को घरों के लिए सब्सिडी, मुफ्त राशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के तहत मुफ्त गैस कनेक्शन, गरीबों के लिए शौचालय, बिजली, पानी की सुविधा या प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) प्रदान किया। सभी को सरकारी सहायता उनकी आर्थिक स्थिति के आधार पर प्रदान की जाती थी, न कि जाति या धर्म के आधार पर। लेकिन जाति जनगणना का बार-बार जिक्र करने से इस बात की बू आती है कि ये राजनीतिक दल पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए काम नहीं कर रहे हैं, बल्कि उन्हें वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करना चाहते हैं।

हैदराबाद में एक रैली में, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने संकेत दिया कि अगर कांग्रेस सत्ता में आती है तो पार्टी जाति सर्वेक्षण के वादे के बाद देश की संपत्ति, नौकरियों और अन्य कल्याणकारी योजनाओं का आर्थिक रूप से पुनर्निर्धारण करेगी। उन्होंने कथित तौर पर कहा, 'हम एक जाति जनगणना करेंगे ताकि पिछड़े, एससी, एसटी, सामान्य जाति के गरीबों और अल्पसंख्यकों को पता चले कि देश में उनकी (संख्या के संदर्भ में) कितनी हिस्सेदारी है। इसके बाद, यह पता लगाने के लिए एक वित्तीय और संस्थागत सर्वेक्षण किया जाएगा कि देश की संपत्ति किसके पास है। हम आपको वह देंगे जो आपका अधिकार है।' हालांकि पुनर्वितरण शब्द का उपयोग नहीं किया गया है, लेकिन निहितार्थ स्पष्ट है ः 'जिसकी जितनी ज्यादा जनसंख्या, उसको उतने ज्यादा अधिकार।' कैसे? पार्टी की मंशा चार बिंदुओं पर स्पष्ट हो जाती है ः पहला, विभिन्न जातियों और अल्पसंख्यकों के आकार का अनुमान लगाया जाएगा। दूसरा, वित्तीय और संस्थागत सर्वेक्षण से पता चलेगा कि किसके पास कितनी संपत्ति है। तीसरा, वे क्रांतिकारी कार्य करेंगे और सभी को उनका अधिकार दिलाएंगे। चौथा, इस बारे में भी स्पष्टता है कि किसे कितना मिलेगा- 'जितनी आबादी उतना हक।' यानी जनसंख्या के अनुपात में अधिकार। संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) सरकार के पूर्व पीएम मनमोहन सिंह ने 2006 में कुछ ऐसा ही कहा था। हालांकि कुछ राजनीतिक विशेषज्ञ पूर्व पीएम का बचाव करते हुए तर्क दे रहे हैं कि उन्होंने कभी नहीं कहा कि देश के संसाधनों पर मुसलमानों का पहला अधिकार है, जो उन्होंने कहा हमें उसकी गहराई में जाना चाहिए। उन्होंने कहा था, 'मेरा मानना है कि हमारी सामूहिक प्राथमिकताएं स्पष्ट हैं ः कृषि, सिंचाई और जल संसाधन, स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण निवेश, और सामान्य बुनियादी ढांचे की आवश्यक सार्वजनिक निवेश आवश्यकताओं के साथ-साथ एससी/एसटी, अन्य पिछड़े वर्गों, अल्पसंख्यक और महिलाएं व बच्चों के उत्थान के लिए कार्यक्रम। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए घटक योजनाओं को पुनर्जीवित करने की आवश्यकता होगी। हमें यह सुनिश्चित करने के लिए नई योजनाएं बनानी होंगी कि अल्पसंख्यकों, विशेष रूप से मुस्लिम अल्पसंख्यकों को विकास के लाभों में समान रूप से साझा करने का अधिकार मिले। संसाधनों पर पहला दावा उनका होना चाहिए।' हालांकि, सिंह ने एससी और एसटी के उत्थान के लिए बनाई गई नीतियों के बारे में बात की, लेकिन उन्होंने मुसलमानों का अलग से जिक्र किया। उस समय के समाचार पत्रों में इसे प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। चूंकि यह एक लिखित भाषण था, इसलिए जुबान फिसलने का कोई बहाना नहीं हो सकता। यह राहुल गांधी या मनमोहन सिंह के बारे में नहीं है बल्कि विभिन्न जातियों और धर्मों के लोगों से लुभावने वादे करके वोट हासिल करने के बारे में है। संविधान में स्पष्ट कहा गया है कि सरकार देश के हर वर्ग के साथ समान व्यवहार करेगी। लेकिन अल्पसंख्यकों का वोट हासिल करने की होड़ में राजनीतिक दल समाज और संविधान के प्रति अपना कर्तव्य भूल जाते हैं। कांग्रेस ने यह भी कहा है कि जाति जनगणना के बाद वे देश में धन और नौकरियों का आकलन करने के लिए एक वित्तीय और संस्थागत सर्वेक्षण करेंगे जिसके बाद वह 'क्रांतिकारी' कदम उठाएगी और सभी को उनका अधिकार देगी, जो उनकी आबादी के अनुसार होगा। पीएम मोदी 2006 के मनमोहन सिंह का हवाला दे रहे थे और कांग्रेस के न्याय पत्र को समझा रहे थे। उनके अनुसार, कांग्रेस मुसलमानों, अधिक बच्चों वाले लोगों, घुसपैठियों को पैसे बांटेगी। भारतीय मुस्लिम आबादी 1951 में 9.9 प्रतिशत से बढक़र 2011 में 14.2 प्रतिशत हो गई। यह समझ से परे है कि राजनीतिक टिप्पणीकार, जो अपने बयान के लिए पीएम को कटघरे में खड़ा करने की कोशिश कर रहे हैं, सत्ता में आने पर कांग्रेस के 'क्रांतिकारी' वादे पर चुप क्यों हैं? प्रधानमंत्री पर देश को धर्म के आधार पर बांटने का प्रयास करने का आरोप नहीं लगाया जा सकता। दोषी वे लोग हैं जो राजनीतिक लाभ कमाने के लिए जाति/धर्म को वोट बैंक की राजनीति के चश्मे से देखते हैं। अब यह जनता के हाथ में होगा कि वह किसे सत्ता सौंपना चाहती है। इसके लिए हमें चार जून का इंतजार करना होगा, जब जनादेश सामने होगा।

# विरासत कर पर विवाद को खींचने का कोई आधार नहीं

विरासत कर को फिर से लागू करने का विवाद किसी और ने नहीं बल्कि पुराने तकनीक प्रेमी सैम पित्रोदा ने उठाया था, जिसने लोकसभा चुनाव के मौजूदा अभियान में विपक्षी कांग्रेस को एक बड़ी दुविधा में डाल दिया है। हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने ताजा चुनावी भाषणों में जो हंगामा मचाया है, वह गलत है, क्योंकि यह कांग्रेस के चुनावी घोषणापत्र का हिस्सा नहीं है और सैम पित्रोदा कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता नहीं हैं। सैम पित्रोदा ने राजीव गांधी के सलाहकार के रूप में अपने शुरुआती वर्षों में एक विशिष्ट मौलिक भूमिका निभायी थी। उन्होंने भारत के आधुनिकीकरण के लिए पांच मिशन मोड का विचार रखा था, जिनमें से टेलीकॉम मिशन ने परिवर्तन एजेंट के रूप में काम किया था। पित्रोदा ने सी-डॉट (टेलीमैटिक्स विकास केंद्र) की स्थापना की थी, जिसने देश के दूरदराज के इलाकों में दूरसंचार सेवाओं का विस्तार करने के लिए अनुसंधान और विकास परियोजनाएं शुरू कीं। उन शुरुआती दिनों में, सी-डॉट ने भारतीय परिस्थितियों के लिए विशिष्ट दूरसंचार अनुप्रयोगों पर कुछ मौलिक शोध किये थे जो विशिष्ट रूप से प्रासंगिक थे। दूरसंचार क्षेत्रों के बाद के उदारीकरण के तरह दूरसंचार सेवाओं पर दूरसंचार मंत्रालय के एकाधिकार को खत्म करने से देश में दूरसंचार क्रांति को बढ़ावा मिला। दूरसंचार क्षेत्र को खोले बिना अगली सबसे अच्छी चीज, आईटी क्रांति और भारत का आईटी महाशक्ति के रूप में उभरना, संभव नहीं हो सकता था। उन दिनों से सैम के नाम से मशहूर सत्येन्द्र गोवर्धनदास पित्रोदा अपने मूल स्थान अमेरिका वापस चले गये थे। लगभग चालीस साल पहले सैम पित्रोदा की इन शुरुआती चमक ने अपना काम किया है और अब सैम उस पुरानी प्रमुखता को फिर से हासिल करना चाह रहे हैं, लेकिन पुराने विचारों के साथ। आज सैम पित्रोदा को कुछ ऐसे विचारों के लिए हल्के में खारिज करना अनुचित होगा जो शायद देश की वर्तमान आकांक्षाओं से मेल नहीं खाते। वह केवल उस विचार को आगे बढ़ा रहे थे जिसे राहुल गांधी ने देश में आय असमानता के बारे में अपने चुनावी भाषणों के दौरान उठाया था।

यदि व्यापक असमानता है तो तुरंत इसकी जड़ों पर हमला क्यों न किया जाये। लेकिन ऐसा विचार आज की युगचेतना के विरुद्ध है। विरासत कर, या जिसे अक्सर मृत्यु दिवस के रूप में जाना जाता है, ऐसा ही एक है। मरणासन्न स्थैतिक दुनिया में, जहां खेल हमेशा श्मैं जीतता हूं, तुम हारते होश् जैसा होता है, ऐसे विचारों के लिए कुछ अपील है। गतिशील रूप से बढ़ते परिदृश्य में, जहां नये अवसर उभर रहे हैं, जहां खेल हमेशा जीत-जीत समाधान का होता है, ऐसे विचार खिड़की से बाहर चले जाते हैं। अंतर्निहित कर की अवधारणा राज्य के लिए आकर्षक है क्योंकि इससे उसे व्यक्तियों की संचित बचत से लाभ मिलता है। लेकिन यह बचतकर्ताओं और निवेशकों के लिए हतोत्साहित का काम करता है। वर्तमान समय के स्टार्ट-अप गुरुओं और वर्तमान समय के सफल प्रौद्योगिकी सम्राटों पर विचार करें। मृत्यु कर्तव्य पर उनकी क्या प्रतिक्रिया होगी? ऐसे उदाहरण हैं जब मृत्यु कर्तव्य ने बहुत अच्छी तरह से काम नहीं किया है। ब्रिटेन में विरासत कर या संपत्ति शुल्क था। परिणामस्वरूप, पारंपरिक संपत्तियों का कोई भी मालिक किसी वंशज की मृत्यु के बाद अपनी हिस्सेदारी बरकरार नहीं रख सका। क्रमिक चरणों में ये बचतें गायब हो गयीं। दिवालिया संपत्ति मालिकों को बचाने के लिए, ब्रिटेन को पुराने परिवारों से संपत्ति लेने के लिए एक राष्ट्रीय ट्रस्ट की स्थापना करनी पड़ी। वे विरासत कर का भुगतान करने के बाद दिवालिया हो गये थे। यह प्रयास सार्थक नहीं था, क्योंकि राजस्व अर्जन संपत्ति शुल्क के प्रशासन के अनुरूप नहीं था। इस देश में, संपत्ति शुल्क का भुगतान करने से बचने के लिए, बड़े जमीन जायदाद के मालिकों ने संपत्ति के स्वामित्व को जारी रखने के लिए कानूनी कल्पनाएं रची थीं। ट्रस्ट पसंदीदा माध्यम थे। हिन्दू अविभाजित परिवारों की भी कुछ उपयोगिता थी। पुराने परिवारों में कुलदेवता के नाम पर ट्रस्ट बनाना भी एक व्यापक प्रथा थी। ज्ञात कर चोरी की ऐसी प्रणाली का नुकसान यह है कि बड़ी सम्पदाएं कानूनी उलझनों में बंद हैं और वर्षों में इनका क्षय हो जाता है। लाभकारी मालिक अब किसी भी रूप में उत्पादक उद्देश्यों के लिए अपनी संपत्ति का उपयोग करने में सक्षम नहीं हैं। ऐसी कानूनी कल्पनाओं को प्रोत्साहित करने के बजाय, वंशजों के लिए संपत्ति छोड़ देना कहीं बेहतर है। किसी भी दर पर, ईमानदारी से कहें तो, बड़ी संपत्ति के लिए वंशज अगली दो पीढ़ियों में संचित संपत्ति को बर्बाद कर देते हैं। इसका सामाजिक रूप से लाभकारी प्रभाव पड़ता है, जहां तक पैसा और संपत्ति लॉक होने के बजाय प्रसारित होती रहती है। विरासत कर की अवधारणा श्समाज के समाजवादी पैटर्नश् से जुड़ी है। अपने चरम रूप में, इसका अंतर्निहित दर्शन समाज की सभी उत्पादक संपत्तियों पर सामुदायिक स्वामित्व का साम्यवादी सिद्धांत था। यह प्रयोग सोवियत संघ और माओ के चीन में आजमाया गया था जहां सभी उत्पादक संपत्तियां राज्य की थीं। इन विचारों ने विभिन्न चरणों में देशों की अर्थव्यवस्थाओं के साथ खिलवाड़ किया है। स्टालिन द्वारा कम्यून्स की शुरूआत और भूमि अधिकारों और व्यक्तिगत फार्मों को समाप्त कर सामूहिक फार्म शुरू करने के कारण बड़े पैमाने पर हिंसा हुई। कुल परिणाम था- कृषि उत्पादन में गिरावट और उसके परिणामस्वरूप भूख से मौतें। संपदा शुल्क का विचार भारत में विशेष रूप से घृणित है। यहां पैतृक संपत्ति को एक प्राकृतिक प्रक्रिया माना जाता है। इसमें किसी भी हस्तक्षेप से घृणा की जागती है, जैसा कि ऐसा कर लागू होने पर होता था। जैसा कि आप सभी जानते हैं, मृत्यु कर से परोपकार की बाढ़ आ सकती है, जिसकी आड़ में लाभकारी मालिक आनंद लेते रहेंगे।

## आज का राशिफल

**मेष:-** कोई छोटी बात भी परिवार कें तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता नये उत्साह का संचार करेगी। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी। भावनात्मक अभिब्यक्ति से संबंध मधुर बनेंगे।

**बृषभ:-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व बुद्धिजीवियो से विचार-विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशाजनक विचारों को मन पर हावी न होने दें। नये व्यावसायिक यात्राएं करनी होंगी।

**मिथुन:-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुन्दर छबि बनावें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओ की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

**कर्क:-** भविष्य के प्रति मन में चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का ठीक डंग से निर्वहन् करें। वर्तमान कार्य से मन में असन्तुष्टि उत्पन्न होगी। आलस्य का त्याग करें।

**सिंह:-** पारिवारिक दायित्वों की चिंता उत्पन्न होगी। स्वास्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्य के प्रति ध्यान देवें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित ब्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्या:-** छोटी-छोटी पारिवारिक बातों को बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन सगे-संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाएं याद आएंगी।

**तुला:-** वक्त के साथ समझौता कर चलने की चेष्ठा करें। अपने कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझे और अपने को उसी दिशा की ओर केंद्रित करें। रोजगार में अपनी क्षमता का पूर्ण लाभ उठाएंगे।

**वृश्चिक:-** जीवन में सही लक्ष्य व सुदृढ़ता को सुनिश्चित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंधी से बिशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होने के आसार हैं।

**धनु:-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धिमत्ता से पुरानी समस्याओं पर बिजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

**मकर:-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिला-जुला संजोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी। घर में खुशहाल स्थिति प्रसन्न रखेगी।

**कुंभ:-** शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा।

**मीन:-** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुष्टि पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में ब्यय अपेक्षित है।

# तीन किलोमीटर लंबे रोड शो के बाद केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने दाखिल किया नामांकन पत्र

**⇨ रोड़ शो के बहाने भाजपा का शक्ति प्रदर्शन ⇨ रोड शो में उमड़ी भारी भीड़**








**अमेठी।** अमेठी से सांसद एवं केंद्रीय महिला एवं बाल विकास तथा अल्पसंख्यक मंत्री स्मृति जुबिन इरानी ने सोमवार को गौरीगंज कलेक्ट्रेट परिसर में दो सेटों में नामांकन पत्र दाखिल किया। इससे पहले अमेठी सांसद जिला मुख्यालय कार्यालय पहुंची जहां पार्टी कार्यकर्ताओं ने अपनी सांसद का गर्म जोशी के साथ स्वागत किया, वैदिक मंत्रोचार तथा शंखनाद के बीच विधि विधान पूर्वक पूजन अर्चन करने के बाद भारी समर्थकों के साथ अमेठी सांसद का काफिला भाजपा कार्यालय से कलेक्ट्रेट गौरीगंज के लिए रवाना हुआ।इस दौरान जगह पर कस्बा वासियों ने स्वागत किया सांसद स्मृति इरानी के समर्थकों द्वारा नामांकन में शामिल लोगों के लिए जलपान की व्यवस्था कराई गई थी, डीजे के धुन पर जय श्री राम उद्घोष के साथ समर्थकों का काफिला धीरे-धीरे आगे बढ़ता रहा, भीषण गर्मी के बावजूद भी लाखों लोग काफिले में शामिल हुए ।भाजपा नेताओं की माने तो रोड शो के दौरान उमड़े जनसैलाब को देखकर विरोधी दलों के हौसले पस्त हों गए हैं,वैसे भी अभी तक अमेठी में मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस अपने प्रत्याशी की घोषणा नहीं कर सकी। रोड शो के दौरान जिला मुख्यालय गौरीगंज से लेकर कलेक्ट्रेट तक तीन किलोमीटर के आसपास समर्थकों की भीड़ लगी रही पूरे कस्बे में लोग अपनी छतों से फूलों की वर्षा कर रहे थे। रोड़ शो के दौरान मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, अयोध्या के महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, प्रदेश महामंत्री एवं एमएलसी गोविंद नारायण शुक्ला, प्रदेश मंत्री अमेठी प्रभारी शंकर गिरी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, पूर्व विधायक तेजभान सिंह,सलोंन विधायक अशोक कोरी, जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्रा,लोकसभा संयोजक दयाशंकर यादव,एम एलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह,पूर्व विधायक चन्द्रप्रकाश मिश्रा लोकसभा प्रभारी राज किशोर रावत,पूर्व जिला अध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी, जिला प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह,जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन विवेक विक्रम सिंह,अजय कुमार सिंह सोनू विशाल सिंह,सहित भारी संख्या समर्थक शामिल रहे।

## देश में सिर्फ मोदी की गारंटी चलती सीएम एमपी : मोहन यादव





**अमेठी।** रोड शो और नामांकन में शामिल हुए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने कहा कि देश में सिर्फ मोदी जी गारंटी चलती है नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अमेठी की जनता जनार्दन ने परिवारवाद को नकारकर विकास को अपनाया है, जिसका परिणाम है कि आज अमेठी संपूर्ण उत्तर प्रदेश के लिए सेवा, सुशासन और तीव्रतम विकास का प्रतीक बनकर उभर रहा है ।यही वजह रहा की 2019 के चुनाव में अमेठी की जनता ने राहुल गांधी को नकार दिया और स्मृति इरानी को सांसद चुना तब से लेकर अब तक लगातार अमेठी सांसद अमेठी में बनी हुई है और अमेठी का सर्वांगीण विकास करते हुए जनता के सुख-दुख में भागीदार रहती हैं। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि पूरे देश में सिर्फ मोदी की गारंटी चलती है देश में भाजपा और मोदी जी की लहर है और पुनः तीसरी बार मोदी जी के नेतृत्व में सरकार बनने जा रही है।
उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि मोदी की गारंटी पर जनता को भरोसा है विश्वास है और अमेठी मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश ही नहीं पूरे देश में मोदी की भाजपा की लहर है और भारी बहुमत से मोदी जी की सरकार बनने जा रही है और मेरी बहन स्मृति ईरानी इस बार पहले से भी भारी बहुमत से चुनाव जीतेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैंने आज देखा की अमेठी के एक-एक घर से जिस तरीके से लोग निकाल कर स्मृति ईरानी के समर्थन में सड़कों पर आ गए इससे यह प्रतीत होता है कि हमारी स्मृति भारी बहुमत से चुनाव जीत रही है जनता का पूरा समर्थन मिल रहा है मुझे अमेठी आने का मौका मिला मैं अपना सौभाग्य समझता हू राहुल गांधी के चुनाव लड़ने के सवाल पर मोहन यादव ने कहा इस पर जबाब कांग्रेस के लोग दे सकते हैं मैं सिर्फ इतना जानता हू कि स्मृति ईरानी जी भारी बहुमत से चुनाव जीत रही है।

## केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के परिवार के पास 17 करोड से अधिक की संपत्ति

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश की चर्चित लोकसभा सीट अमेठी से बीजेपी प्रत्यासी स्मृति ईरानी ने आज लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल कर दिया. अपने नामांकन पत्र के साथ एफिडेविट में स्मृति ईरानी ने बताया है कि लोकसभा चुनाव- 2019 के मुकाबले अब उनकी संपत्ति बढ़ गई है। लोकसभा चुनाव 2019 के दौरान स्मृति ईरानी के पूरे परिवार की कुल संपत्ति करीब 11 करोड़ रुपये थी, जो अब बढ़कर 17 करोड़ रुपये से ज्यादा हो गई है. यानी पिछले 5 साल में स्मृति ईरानी के परिवार की संपत्ति में करीब 6 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है।

**स्मृति ईरानी के पास कितनी संपत्ति?**

चुनावी हलफनामे के मुताबिक स्मृति ईरानी के पास 8 करोड़ 75 लाख 24 हजार रुपये की संपत्ति है, जबकि उनके पति जुबिन ईरानी के पास कुल 8 करोड़ 81 लाख 77 हजार रुपये की संपत्ति है।

नामांकन पत्र के दौरान दिए गए एफिडेविट में स्मृति ईरानी ने दिल्ली की बजाय अमेठी के मेदन मवई में बनवाए गए घर को अपने पता के रूप में दिखाया है, उन्होंने इस नए घर को अपना पता बताया है और अमेठी के मकान को भी दर्शाया है।

एफिडेविट के मुताबिक उनके पास कुल नकदी 1 लाख 8 हजार 740 रुपये है, वहीं उनके पति के पास कुल 3 लाख 21 हजार 700 रुपये नकदी के रूप में है. बैंक बैलेंस के रूप में स्मृति ईरानी के पास 25 लाख 48 हजार 497 रुपये है. जबकि पति के बैंक खाते में 39 लाख 49 हजार 898 रुपये जमा है।

**स्मृति ईरानी के पास 28 लाख की कार**

स्मृति ईरानी के पास जो कार है, उसकी कीमत हलफनामे में करीब 27 लाख 86 हजार रुपये आंकी गई है. वहीं उनके पति के पास जो कार है, उसकी फिलहाल कीमत 4 लाख 70 हजार 172 रुपये आंकी गई है। स्मृति ईरानी के पास 37 लाख 48 हजार 440 रुपया के गहने हैं, और उनके पति के पास 1 लाख 5 हजार के गहने हैं।

अगर शिक्षा की बात करें तो स्मृति ईरानी ने हलफनामे में बताया है कि उन्होंने 1991 में हाईस्कूल की परीक्षा पास की है और 1993 में इंटर की परीक्षा उत्तीर्ण किया है. चुनावी हलफनामे में स्मृति ईरानी ने बताया है कि बीकॉम के लिए उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली में साल 1994 में दाखिला लिया था, लेकिन इसे पूरा नहीं किया।

## स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी पर बोला हमला

**अमेठी।** स्मृति ईरानी ने नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद राहुल गांधी पर बोला हमला कहा कि 15 वर्षों तक एक लापता सांसद के चलते अमेठी में खाद का रैंक सेंटर नहीं बन सका जिसके चलते यहां के किसानों को खाद के लिए लाठियां खानी पड़ती थी। मीडिया से बात करते हुए स्मृति ईरानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आशीर्वाद से 5 वर्ष पूर्व मुझे अमेठी के लोगों ने सेवा का मौका दिया जिसके चलते जो 50 सालों में नहीं हुआ वह मैं 5 साल में प्रधानमंत्री जी के आशीर्वाद से कर पाने में सफल रही एक समय था 15 साल तक लापता सांसद के कारण अमेठी के किसानों को खाद के लिए लाठियां खानी पड़ती थी लेकिन प्रधानमंत्री जी ने अमेठी में खाद का सेंटर बनवा कर किसानो को इस गंभीर समस्या से निजात दिलाई। स्मृति ईरानी ने कहा कि जो अमेठी में 50 वर्षों में नहीं हुआ उसे नरेंद्र मोदी की सरकार ने 5 वर्षों में करके दिखाया अमेठी में 1लाख 14 हजार गरीबो को आवास, 4 लाख गरीब परिवारों को शौचालय जिससे 16 लाख लोगों को फायदा, 1 लाख 50 हजार घरों को बिजली का कनेक्शन और 4 लाख 20 किसानों को किसान सम्मन निधि योजना का लाभ मिल रहा है।

# भाजपा गरीबों व वंचितों की हितैषी पार्टी : मेनका गांधी

**⇨ इसौली में डेढ़ दर्जन नुक्कड़ सभाओं को किया संबोधित**



**सुलतानपुर।** सांसद मेनका संजय गांधी ने सोमवार को चुनावी कैंपेन के 25 वें दिन इसौली विधानसभा में डेढ़ दर्जन नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया।उन्होंने नुक्कड़ सभाओं में कहा भाजपा ने हमेशा आरक्षण का समर्थन किया है।एससी एसटी और ओबीसी का आरक्षण कोई बन्द नही कर सकता। विपक्ष झूठ बोल रहा है।उनके पास कोई विजन रणनीति व मुद्दा नहीं है।अब झूठ व जात- पात की राजनीति करने वालों के दिन गए।अब विकास सुशासन व सेवा की राजनीति को जनता पसंद करती है। उन्होंने कहा कि 5 वर्षों में 5 गरीबों की शादी करवाई गई है। इसमें हिंदू और मुसलमान दोनों की शादियां होती हैं। भाजपा गरीबों व वंचितों की हितैषी पार्टी है ! उन्होंने बताया मैं रोज के रोज बिना नाम जात कौम पूछे मदद करती रहती हूं ! एक बार दो भाई मेरे पास आए बताने लगे कि उनकी बहन को कैंसर व टीबी है। मैं गरीब हूं।सफदरगंज अस्पताल दिल्ली में डॉक्टर केवल मंगलवार को देखते हैं। बहन का इलाज ठीक से नहीं हो पा रहा है।मैंने तत्काल सफदरगंज अस्पताल, दिल्ली के डायरेक्टर वंदना तलवार को फोन किया और उनको अस्पताल में एडमिट कराकर मुफ्त में ऑपरेशन आदि करने को कहा। विभिन्न सभाओं को एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह ने भी संबोधित किया और 25 मई को कमल के फूल पर एकतरफा वोट देने की अपील की। भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने बताया की सांसद ने सोमवार को इसौली विधानसभा के पूरे शिवदयाल गजेहडी, सौहगौली, प्रतापपुर प्रथम, इसरौली, खरगिनपुर हरखपुर, बहलोलपुर,राजापुर विनायकपुर,बेला पश्चिम,बहमरपुर बबुरी, अलीगंज बाजार, हसनपुर एवं शहर के ठठेरी बाजार में नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया।इस मौके पर भाजपा नेता विकास शुक्ला,संजय त्रिलोकचंदी,भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी,जिला पंचायत सदस्य जफर खान,मनीषा पांडेय,गांधी सिंह, महावीर श्रीवास्तव, संतोष सिंह,,निर्भय सिंह,यज्ञ प्रसाद सिंह, रणविजय सिंह, शौर्यवर्धन सिंह,राम बहादुर सिंह, संजीव उपाध्याय,मोहसीब प्रधान गजेहड़ी,दिनेश चौरसिया,नौशाद प्रधान,रमाकीर्तन तिवारी ,मोनू मिश्रा, जितेंद्र मिश्रा, ब्रहमा तिवारी,अवधेश दूबे, दिलीप सिंह, बजरंग दूबे,राजेश दूबे, डॉ वीपी सिंह,यज्ञ प्रसाद सिंह,डॉ अनन्त पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## छात्र की सफलता पर सम्मान समारोह हुआ आयोजित




**डीह, रायबरेली।** विकास खण्ड के प्राथमिक विद्यालय बिरनावा प्रथम के छात्र लकी पुत्र मुन्नालाल ने अटल आवासीय मंडल स्तरीय प्रवेश परीक्षा में सफ़लता हासिल की है जिसको लेकर विद्यालय में छात्र का शिक्षकों और अभिभावकों द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें छात्र लकी को प्रधानाध्यापक बृजेश कुमार , कुसुम चंद शैलेन्द्र सिंह मयंक शेखर अनिल कुमार महफूज, अभिषेक कुमार श्रीमती अम्बिका सिन्हा, नीलू श्रीवास्तव श्रीमती मोहिनी सहित शिक्षको और अभिभावकों ने माला पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। शिक्षकों ने कहा की जिस तरह छात्र लकी ने मंडल स्तरीय प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की है वह सराहनीय है।

## राजकीय महिला महाविद्यालय में मतदाता महोत्सव कार्यक्रम हुआ आयोजित





**हमीरपुर।** स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय के निर्देशानुसार युवा मतदाता महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन राजकीय महिला महाविद्यालय हमीरपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी चंद्रशेखर शुक्ला एवं विशिष्ट के रूप में जिला विकास अधिकारी एवं परियोजना निदेशक उपस्थित रहे। मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केंद्र एवं जिला युवा कल्याण अधिकारी द्वारा सरस्वती मां की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज हमीरपुर की छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता पर ग्रुप डांस एवं नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया जिसमें मतदाताओं को बिना प्रतिलोभन के मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में तीन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में युवाओं द्वारा मतदान में प्रतिभागिता विषय पर अपना वक्तव्य दिया गया। मतदाता जागरूकता विषय पर रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें महिला डिग्री कॉलेज की टीम चित्र, श्रेया एवं सोनम साहू द्वारा प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान पर राजकीय डिग्री कॉलेज कुछेछा की टीम मोहिनी देवी, प्रांची एवं लक्ष्मी द्वारा द्वितीय स्थान प्राप्त किया गया। कई युवाओं द्वारा स्लोगन एवं पोस्टर प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया जिसका मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अवलोकन किया गया तथा प्रथम स्थान महिला डिग्री कॉलेज हमीरपुर से सिमरन श्रीवास्तव, द्वितीय स्थान महिला डिग्री कॉलेज हमीरपुर से आसना देवी तथा तृतीय स्थान में सयुक्त रूप से महिला डिग्री कॉलेज हमीरपुर से साक्षी निषाद एवं राजकीय डिग्री कॉलेज कुछेछा से दीक्षा सिंह को दिए गए। सभी अतिथियों द्वारा दिव्यांग एवं महिला मतदाताओं की प्रतिभागिता पर विशेष जोर दिया गया। अंततः भाषण प्रतियोगिता में विजित प्रतिभागियों इच्छा दुबे, शिखा चौहान, उज्जवल पाण्डेय, रूबी, विष्णुकांत एवं शनि को मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मेडल देकर सम्मानित किया गया। अंततः युवाओं को संबोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी द्वारा युवाओं का आवाह्न किया गया कि वह 2 मई को अपना व अपने परिवार का मतदान अवश्य कारण तथा अपने आसपास के सभी मतदाताओं को जागरुक कर उन्हें मतदान स्थल तक जाने में सहयोग करें। कार्यक्रम में डॉ शालिनी, डॉ शिल्पी, डॉ लवकुश एवं नेहरु युवा केंद्र हमीरपुर से दीप चन्द्र एवं क्रांति देवी विश्वकर्म का विशेष सहयोग रहा। जिला युवा अधिकारी विष्णुप्रिया द्वारा सभी मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त कर कार्यक्रम समापन की घोषणा की।कार्यक्रम का संचालन जलीस खान द्वारा किया गया।

## लोकसाभ सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी सम्पन्न कराने के दृष्टिगत मा० व्यय प्रेक्षक का जनपद में हुआ आगमन

**संतकबीरनगर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त मा० व्यय प्रेक्षक श्री ब्रजेश किशोर सिंह (आई०आर०एस०) का जनपद में आगमन हो चुका है। मा० व्यय प्रेक्षक खलीलाबाद स्थित पी०डब्लू०डी० डाक बंगला में सरयू कक्ष में ठहरे हुए है। 62-संत कबीर नगर संसदीय लोकसभा निर्वाचन को निष्पक्ष एवं पारदर्शी सम्पन्न कराने के दृष्टिगत मा० भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मा० व्यय प्रेक्षक की नियुक्ति की गयी है। मा० व्यय प्रेक्षक का मो०न०- 9076802528 है। लोकसाभ निर्वाचन-2024 से सम्बंधित किसी भी अनियमितता अथवा आदर्श आचार संहिता के उल्घन की स्थिति में किसी भी जनसामान्य व्यक्ति द्वारा मा० व्यय प्रेक्षक को उनके उक्त मोबाइल नम्बर पर सम्पर्क कर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। प्रेक्षक महोदय के साथ अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा जे०पी० तिवारी, मो०न०- 9411041518 को लाइजन आफिसर नियुक्त किया गया है।

### 62-संत कबीर नगर संसदीय लोकसभा क्षेत्र हेतु नामांकन के प्रथम दिन 16 व्यक्तियों द्वारा कुल 42 नामांकन पत्र प्राप्त किये गये

**संतकबीरनगर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में 62-संत कबीर नगर संसदीय लोकसभा क्षेत्र हेतु नामांकन के प्रथम दिन 16 व्यक्तियों द्वारा नामांकन पत्र प्राप्त किया गया। नामांकन के प्रथम दिन भारतीय जनता पार्टी एवं समाजवादी पार्टी सहित 16 व्यक्तियों द्वारा कुल 42 नामांकन पत्र प्राप्त किये गये हैं। नामांकन के प्रथम दिन आज किसी भी पार्टी अथवा व्यक्ति द्वारा नामांकन पत्र दाखिल नही किया गया। नामांकन पत्र प्राप्त किये जाने एवं नामांकन पत्रों को दाखिल/जमा किये जाने की अंतिम तिथि दिनांक 06 मई 2024 सायं 03 बजे तक निर्धारित है।

# दो बाइकों के आमने सामने हुई टक्कर एक मौत

## महुली थाना क्षेत्र के लुतुही गांव निकट हुई दुर्घटना





**नाथनगर, संतकबीरनगर।** बस्ती-महुली मार्ग पर ग्राम लुतुही के निकट सोमवार की दोपहर लगभग तीन बजे दो बाइक की आमने सामने सीधी भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। महिला समेत तीन घायल हो गए। उपचार के लिए सीएचसी नाथनगर भर्ती कराया गया है। हालत नाजुक होने पर घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पुलिस पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई है।

बस्ती जिले के लालगंज थाना क्षेत्र के थाला पार निवासी रामानंद निषाद पुत्र रामललित उम्र करीब 32 वर्षीय पत्नी संतोषी देवी के साथ अपनी ससुराल क्षेत्र के बघाड़ी उर्फ परसादीपुर आया हुआ था। सोमवार को रामानंद निषाद बाइक से पत्नी को बैठाकर वापस घर लौट रहा था। इसी दौरान देईसाड की तरफ से बाइक सवार मनीष पुत्र कपिल देव चौहान निवासी बेलराई की क्षेत्र के लुतुही गांव निकट दोनो बाइक की आमने सामने कड़ी टक्कर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो ठोकर लगने के बाद दोनो बाइक पर बैठे चारो लोग उछल गए। सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना में बाइक चालक मनीष पुत्र कपिल देव चौहान उम्र 22 वर्षीय निवासी बेलराई की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि गांव का ही एक अन्य साथी देव सिंह उर्फ शेर सिंह पुत्र अमेरिका गंभीर रूप से चुटहिल हो गया। दूसरी बाइक पर सवार दम्पत्ति रामानंद पुत्र राम ललित और उनकी पत्नी संतोषी देवी भी घायल हो गई। आनन फानन में उपचार के लिए सीएचसी नाथनगर ले जाया गया। हालत नाजुक होने पर देव सिंह उर्फ शेर सिंह, रामानंद निषाद, संतोषी देवी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## कूड़े में लगी आग गांव में मची दहशत



**भरुआ सुमेरपुर।** क्षेत्र के ग्राम दरियापुर में दोपहर को खाली पड़े प्लाट के कूड़े के ढेर में अचानक आग भड़क उठने से गांव में हडकंप मच गया। ग्राम प्रधान ने घटना से फायर दस्ते को अवगत कराया। फायर दस्ते ने गांव पहुंचकर आग पर काबू पाया।

दरियापुर प्रधान आशाराम प्रजापति ने बताया कि पंचायत भवन के सामने प्रहलाद प्रजापति का खाली प्लाट पड़ा है। इस प्लांट में गांव के लोग कूड़ा आदि फेंक देते हैं। सोमवार को करीब 2 बजे कूड़े में अचानक आग भड़क उठी। ऊंची लपटे देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान को अवगत कराकर आग को बुझाने के प्रयास किये। ग्राम प्रधान ने घटना से फायर दस्ते को अवगत कराया।

# लापता युवक का शव झाड़ियों में मिलने से मचा हडकंप



**हमीरपुर।** जलालपुर थाना क्षेत्र में तीन दिन से लापता युवक का शव सोमवार सुबह गांव में तालाब के पास झाड़ियों में पड़ा मिलने से हडकंप मच गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। शव पर चोट के निशान होने से परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। ममना गांव निवासी अजय ने बताया कि उसका पारिवारिक भाई सचिन 22 वर्ष पुत्र दिल्लीपत ईंट भट्ठा में काम करता है। गांव के जवारों में शामिल होने गांव आने के बाद 26 अप्रैल को घर से अचानक लापता हो गया था। इसके बाद परिजनों ने उसकी रिश्तेदारी में तलाश के बाद रविवार शाम गुमशुदगी की शिकायत जलालपुर थाना में दर्ज कराई थी। सोमवार सुबह लोग शौच के लिए गांव के छेड़ी रोड स्थित तालाब के पास गए तो तालाब के निकट झाड़ियों में सचिन का शव पड़ा देख सन्न रह गये। शव पड़े होने की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। सूचना के बाद फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्रायड टीम के साथ घटना स्थल की छानबीन के लिये सीओ सरीला भी मौके पर पहुंचे। मृतक व अन्य परिजनों के अनुसार सचिन के हाथ-पैर व गले में चोट के निशान हैं। परिजनों ने सचिन की हत्या कर शव झाड़ियों में फेंके जाने बात कही है। गांव के प्रधान जितेंद्र ने बताया कि गांव व आसपास के दो दर्जन के करीब युवा बिच्छू गैंग से जुड़े हैं। मृतक की उनसे जान पहचान थी। थाना प्रभारी ब्रजमोहन ने बताया कि एक दिन पूर्व पुलिस को गुमशुदगी की सूचना मिली थी।

## युवा मतदाता महोत्सव में युवा वोटरों ने रंगों से उकेरी मतदाता जागरूकता कलाकृतियां



**हमीरपुर।** स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय एवं मुख्य विकास अधिकारी व नोडल अधिकारी स्वीप चंद्रशेखर शुक्ला के निर्देशानुसार महिला महाविद्यालय में युवा महोत्सव में नवयुवकों ने मतदाता के रूप में प्रथम बार वोट देने का उत्सव मनाया। सर्वप्रथम युवा महिला वोटरों ने रंगोली से मतदान के महत्व को उकेरा। पोस्टर और स्लोगन के माध्यम से सीनियर छात्राओं ने मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। वाद विवाद व भाषण एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से युवा वोटरों ने मतदान के महत्व को भी समझाया। इस मौके पर अजीत कुमार श्रीवास्तव जिला विकास अधिकारी, साधना दीक्षित परियोजना निदेशक, विष्णु प्रिया समन्वयक नेहरू युवा केंद्र, राजीव कुमार युवा मंगल दल अधिकारी, महाविद्यालय की डा. शालिनी प्राचार्य एवं प्राध्यापक उपस्थित रहे।

## छानी खुर्द व बुजुर्ग में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

⇨ रंगोली व मेंहदी प्रतियोगिता के माध्यम से किया जागरूक

⇨ मनरेगा कार्य स्थलों पर मजदूरों को दिलाई शपथ



**भरुआ सुमेरपुर।** क्षेत्र के ग्राम छानी खुर्द व बुजुर्ग में स्वीप के अंतर्गत रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया गया। वहीं चन्द्रपुरवा बुजुर्ग, कैथी, टिकरौली, बांकी, सुरौली बुजुर्ग, कुम्हउपुर, उजनेड़ी, विदोखर मेंदनी, विदोखर पुरई आदि गांवों में हस्ताक्षर अभियान व मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन कर जागरूक किया गया। डिप्टी कलेक्टर ने लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मजदूरों को वोट डालने की शपथ दिलाई।मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल पांडेय के निर्देशन पर सोमवार को छानी खुर्द व बुजुर्ग गांव में मजबूत लोकतंत्र सबकी भागीदारी स्वीप कार्यक्रम के तहत रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ डिप्टी कलेक्टर/ प्रभारी बीडीओ शांतुन कुमार सिनसिनवार ने किया। डीजे के माध्यम से प्रचार प्रसार किया गया। इसके साथ ही चन्द्रपुरवा बुजुर्ग, सुरौली, टिकरौली सहित अन्य गांवों में मेंहदी प्रतियोगिता व हस्ताक्षर अभियान चलाकर जागरूक करते हुए मतदान के लिए शपथ दिलाई। इसमें परिषदीय विद्यालयों में रंगोली एवं मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमें छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और हाथों में मतदान से संबंधित स्लोगन लिखकर जागरूक किया। उन्होंने रैली के साथ भ्रमणकर बुजुर्ग मतदाताओ को फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया और मतदान का प्रतिशत बढाने के लिए लोगों को जागरूक किया। रैली में शामिल महिलाओं व पुरुषों ने मतदान बढ़ाने के लिए नारे लिखी तख्तियां लेकर भ्रमण कर जागरूक किया। इसके साथ वोट हमारा है अनमोल, कभी न लेंगे इसका मोल, जागो जागो हे मतदाता, तुम भारत के भाग्य विधाता। वोट डालने जाना है, बीस मई को जाना है। सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो।

## काम करते करते बेहोश हुई गर्भवती महिला की हुई संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**मौदहा।** मुस्करा थाना क्षेत्र के इमिलिया गांव में एक महिला की संदिग्ध हालत में मौत हो गयी। गर्भवती महिला घर पर सुबह काम करते समय अचानक बेहोश हो गयी थी। जिस पर महिला को परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि परिजनों ने कार्यवाही किये जाने से इंकार किया है फिर भी यदि तहरीर दी जायेगी तो विधिक कार्यवाही की जायेगी। थानाध्यक्ष मुस्करा ने बताया है कि थाना क्षेत्र अंतर्गत इमिलिया गांव में गर्भवती महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु की सूचना पर पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर जानकारी की गई है। मृतका रैना 21 वर्ष पुत्री दादू नामदेव निवासी ग्राम मोहनपुरवा थाना मटौंध जनपद बांदा की निवासिनी थी। जिसका विवाह जून 2022 में रवि पुत्र रामकिशोर नामदेव निवासी ग्राम इमिलिया थाना मुस्करा से हुआ था। मृतका रैना 9 माह की गर्भवती थी। जो आज घरेलू काम करते वक्त अचानक चक्कर खाकर गिर पडी। परिवारीजनों ने पहले अपने गांव में ही बंगाली डॉक्टर से उपचार कराया तथा बाद में उपचार हेतु जिला अस्पताल ले गये। जहां चिकित्सकों ने महिला (जच्चा बच्चा) को मृत घोषित कर दिया।मृतका के मायके तथा ससुराल पक्ष के लोग मौजूद हैं। दोनों पक्षों द्वारा किसी भी तरह की कानूनी कार्रवाई करने से इनकार किया गया है। फिर भी तहरीर देने पर विधिक कार्यवाही की जायेगी।

## आईटीआई सरीला में अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन आज

**हमीरपुर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सरीला में मंगलवार को अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन किया गया है। जिसके तहत जनपद के आईटीआई उत्तीर्ण शिक्षित युवाओं को एक वर्षीय शिक्षुता प्रशिक्षण हेतु चयनित किया जायेगा। संस्थान के प्रधानाचार्य रामतीर्थ यादव ने बताया है कि जनपद के औद्योगिक परिदृश्य को ध्यान में रखते हुये शिक्षुता प्रशिक्षण योजना के अर्न्तगत जिले के अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने के लिए व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के अधीन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सरीला में अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन 30 अप्रैल को किया गया है। उन्होंने बताया कि शिशिक्षुता मेले में आईटीआई पास तकनीकी एवं गैर तकनीकी शिक्षित बेरोजगार दो फोटो एवं अपने समस्त मूल शैक्षिक योग्यता के प्रमाण पत्र एवं पंजीयन प्रमाण पत्र सहित उपस्थित होकर अवसर का लाभ उठायें।

## अचानक लगी आग से नगदी व गृहस्थी जलकर खाक

**मौदहा।** क्षेत्र के सिचौली पुरवा में मध्य रात्रि को अचानक अज्ञात कारणों के चलते आग लग जाने से घर की गृहस्थी व नगदी चलकर खाक हो गई। ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया लेकिन तब तक लाखों की गृहस्थी और नगदी राख हो चुकी थी। पीड़ित ने प्रशासन से मदद की गुहार लगायी है। मौदहा के सिचौली पुरवा निवासी अजीम खान की पुत्री गुली फातिमा ने बताया।

# बसपा के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर की सभा स्थगित, कैडर मतदाता मायूस

## दलित बाहुल्य इलाके में होनी थी सभा




**हमीरपुर।** बसपा के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद का कार्यक्रम स्थगित होने से बसपा समर्थकों में मायूसी छा गई है और सुमेरपुर कस्बे के त्रिवेणी मैदान के अंबेडकर पार्क में चल रही तैयारियां ठप हो गई हैं। दलित मतदाताओं को मजबूती के साथ पार्टी के साथ जोड़े रखने के उद्देश्य से सुमेरपुर कस्बे के त्रिवेणी मैदान के अंबेडकर पार्क में आगामी एक मई को बसपा के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद की सभा तय हुई थी। कार्यक्रम की हरी झंडी मिलते ही बसपा समर्थक जोर-शोर से तैयारियों में जुट गए थे। जिस जगह पर यह सभा होनी थी वह पूरा इलाका दलित बाहुल्य है। वैसे भी कस्बे में सवर्ण ओबीसी मतदाताओं के समकक्ष दलित मतदाताओं की बाहुल्यता है। बसपा अन्य मतों के साथ दलित मतदाताओं को मजबूती के साथ पार्टी के साथ जोड़कर चुनाव लड़ने की मुहिम तेज किये है। इसी मुहिम के तहत इस सभा को यहां करने की तैयारी थी। इसी बीच राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर को स्वास्थ्य संबंधी दिक्कत होने के कारण कार्यक्रम को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। इससे बसपा समर्थकों में मायूसी छा गई है। बसपा के जिलाध्यक्ष राघवेंद्र अहिरवार ने बताया कि एक मई को कस्बे में आयोजित होने वाली सभा स्थगित हो गई है। राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर को स्वास्थ्य संबंधी परेशानी होने के कारण इस कार्यक्रम को आगे बढ़ा दिया गया है। अब यह सभा 18 मई के पूर्व कभी भी हो सकती है। इसके लिए तारीख और समय केंद्रीय कार्यालय से जारी होगा। बसपा ने इस बार इस सीट पर सोशल इंजीनियरिंग का फार्मूला अपनाकर ब्राह्मण समाज का प्रत्याशी मैदान में उतारा है। ब्राह्मणों दलितों को जोड़कर इस सीट पर दमदार उपस्थिति दर्ज कराने की तैयारी है। बसपा इस सीट पर 1999 तथा 2009 में जीत दर्ज करा चुकी है। दोनों बार क्षत्रिय समाज ने इस सीट पर फतेह हासिल की है। 2019 में बसपा ने क्षत्रिय समाज पर दांव लगाया था लेकिन भाजपा के पुष्पेंद्र सिंह चंदेल के सामने हार का मुंह देखना पड़ा था।

## प्रदेश के इस गांव में 20 परिवारों ने घरों पर चस्पा किया




**कुशीनगर।** कुशीनगर जिले के करजहा गांव निवासी 20 परिवारों ने अपने घरों पर मकान बिकाऊ है का पोस्टर चिपका दिया है। इनका कहना है कि गांव में लगातार के ये एक विशेष बिरादरी की तरफ से उत्पीड़न झेलते आ रहे हैं। गांव में ये काफी दबंग है और इनकी वजह से खेती, किसानी करना भी दूभर हो गया है। इसी से आजिज आकर उन्होंने अपने घर के बाहर ये नोटिस चस्पा कर दी है। आरोप लगाया कि ये मनबढ़ फसलों का सरेआम नुकसान करने के साथ-साथ धर्म के अनुसार त्योहार तक नहीं मनाने दे रहें हैं। हद तो यह बहू बेटियों पर भी छींटाकशी से बाज नहीं आ रहे हैं। कहा, अगर प्रशासन इनकी बात नहीं सुनता है तो वे लोग आत्महत्या करने को मजबूर हो जाएंगे। तमकुहीराज के एसडीएम विकास चंद का कहना कि पोस्टर चिपकाने का मामला संज्ञान में आया है।

## जब हास्य कवि ने योगी और पुलिस का नाम लिया- लगे ठहाके, कहा- योगी की पुलिस से भगवान ही बचाए



अखिलेश द्विवेदी की व्यंग्य रचना-योगी की पुलिस से भगवान ही बचाए, पर खूब तालियां बजीं। कार्यक्रम की शुरुआत मेयर डॉ.मंगलेश श्रीवास्तव, डीडीयू की कुलपति प्रो.पूनम टंडन, एमएमएमयूटी के कुलपति प्रो.जेपी सैनी, रेलवे के मुख्य वाणिज्य प्रबंधक एफएम सुनील ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रयागराज से आए अखिलेश द्विवेदी ने पुलिस अधिकारियों को देखकर कहा-योगी की पुलिस से भगवान ही बचाए। इसके बाद -मुझको तेरे शहर से इतना लगाव क्यों है, इन प्यार के रिश्तों में खिंचाव क्यों है पढ़कर खुद को लोगों से जोड़ा। हंसी ठिठोली के बादशाह प्रताप फौजदार ने सरदारों को लेकर एक से बढ़कर एक चुटकुले सुनाए। फौजदार ने नेताओं की कमाई और खर्च पर तंज कसते हुए रचना पढ़ी-मेरे देश के नेता 10 हजार कमाते हैं और एक करोड़ खर्च करते हैं।

**गोरखपुर।** देश में हास्य के प्रमुख हस्ताक्षर प्रताप फौजदार और राजनीतिक व्यंग्य से ठहाके लगाने को मजबूर करने वाले अखिलेश द्विवेदी ने रविवार की शाम गोरखपुर के रेलवे के ऑडिटोरियम में लोगों को खूब हंसाया। इसके अलावा स्वयं श्रीवास्तव, श्वेता सिंह और नीरज पांडेय की प्रस्तुति भी सराहनीय रही। प्रयागराज से आए हास्य कवि

# भाई ने हत्या कर शव गायब होने का कराया केस, एक साल बाद जिंदा मिली बहनें सीता और गीता



**गोरखपुर।** गोरखपुर के बेलघाट क्षेत्र में एक भाई ने अपनी दो बहनों की हत्या कर शव गायब करने का केस थाने में दर्ज कराया था। कोर्ट के आदेश पर गांव के ही एक युवक और उसके परिवार पर हत्या का केस लिखा गया। इस मामले में एक साल बाद दोनों बहनें जिंदा मिली हैं। यही नहीं, घर से कुंवारी निकली दोनों बहनों ने अपने-अपने प्रेमियों से शादी भी रचा ली है और उनके एक-एक बच्चे भी हैं। पुलिस की पड़ताल से हुए इस खुलासे से हत्या में आरोपी बना परिवार भी अब राहत की सांस ले पा रहा है। बेलघाट त्रिलोकपुर निवासी अजय प्रजापति पुत्र श्यामसुंदर परिवार के साथ रोजगार के सिलसिले में प्रेमनगर नई दिल्ली में रहता था। अजय ने तहरीर में लिखा था कि तीन जनवरी 2023 को उसकी दो बहनें सीता और गीता पुत्री श्यामसुंदर गायब हो गईं। दोनों की गुमशुदगी दिल्ली में दर्ज कराई गई। इसी बीच पता चला कि गांव का जयनाथ मौर्या पुत्र सुरेश मौर्या का प्रेम संबंध बहनों से है। यह जानकर अजय गांव में स्थित अजय के घर पहुंचा। अजय का आरोप था कि जयनाथ और उसके परिवार वालों ने मुझे धमकी देते हुए कहा कि जो हाल तुम्हारी बहनों का हुआ है, वही हाल तुम्हारा भी होगा। अजय प्रजापति जनवरी 2023 से ही जयनाथ पर केस दर्ज कराने के लिए दौड़ रहा था, लेकिन साक्ष्य के अभाव में पुलिस एफआईआर नहीं दर्ज कर रही थी। फिर जयनाथ ने कोर्ट से आदेश कराया तब, बेलघाट थाने में आठ जनवरी 2024 को केस दर्ज किया गया। केस दर्ज करने के बाद पुलिस पड़ताल की तो चार माह बाद पता चला कि दोनों युवतियां जीवित हैं। पुलिस ने दोनों युवतियों से मोबाइल से बात की। तब दोनों युवतियों ने बताया उनका प्रेम संबंध उत्तराखंड और हरियाणा के युवकों से हो गया था। इसलिए दोनों ने घर से भागकर उनसे शादी रचा ली थी। पुलिस के बुलाने पर दोनों युवतियां बच्चों के साथ सोमवार को बेलघाट थाने पहुंची। सीता (20) पुत्री श्यामसुंदर ने बताया कि हरियाणा के भैइनी ठाकरान थाना भवानी खेड़ा निवासी विजेन्दर से शादी कर वह उसके साथ रह रही हूं। मेरी 5 महीने की एक बेटी है। मैं यहां खुशी-खुशी रह रही हूं। इसी तरह गीता (21) पुत्री श्यामसुंदर ने बताया कि उत्तराखंड जिला अल्मोड़ा ग्राम द्रमोली निवासी सुरेश राम से मेरी दोस्ती थी, घर से भागकर उससे शादी की। तभी से उनके साथ रह रही हूं। मेरी एक 6 माह की बेटी है। सीता और गीता ने बताया कि उन्हें जब पता चला कि उनके भाई ने बहनों की हत्या करके लाश गायब कर देने का केस लिखवाया है।

# सोनम कपूर का खुलासा, गर्भावस्था के दौरान बढ़ गया था 32 किलो वजन, कहा– मैं सदमे में थी



सोनम कपूर को उनके बेहतरीन फैशन सेंस और शानदार लुक के कारण स्टाइल आइकन माना जाता है। बिजनेसमैन आनंद आहूजा से शादी करने वाली अभिनेत्री ने 2022 में अपने बेटे वायु का स्वागत किया। सोनम कपूर को उनके बेहतरीन फैशन सेंस और शानदार लुक के कारण स्टाइल आइकन माना जाता है।

बिजनेसमैन आनंद आहूजा से शादी करने वाली अभिनेत्री ने 2022 में अपने बेटे वायु का स्वागत किया। फैशनली पर्निया के द स्टाइल आइकन पॉडकास्ट के हालिया एपिसोड में गर्भावस्था के बाद वजन घटाने की अपनी यात्रा के बारे में बात करते हुए, सोनम ने अपने फैशन विकल्पों में किए गए बदलावों को साझा किया।

सोनम कपूर ने गर्भावस्था के बाद के जीवन पर अंतर्दृष्टि साझा की 32 किलो वजन बढ़ने और आघात महसूस करने के बारे में बात करते हुए, सोनम ने साझा किया, 卐मेरा वजन 32 किलो बढ़ गया। ईमानदारी से कहूं तो, शुरू में, मैं सदमे में थी। आप अपने बच्चे के प्रति इतने जुनूनी हैं, आप वास्तव में वर्कआउट करने, सही खाने के बारे में नहीं सोच रहे हैं। इसमें मुझे एक साल लग गया। डेढ़। मैंने इसे बहुत धीमी गति से लिया, आपको धीमा होना होगा क्योंकि आपको नए के साथ तालमेल बिठाना होगा।卐

उन्होंने आगे कहा, 卐आपके जीवन में सब कुछ बदल जाता है। आपका खुद के साथ रिश्ता बदल जाता है, आपके पति के साथ यह बदल जाता है, सब कुछ बदल जाता है। आप कभी भी अपने शरीर के बारे में एक जैसा महसूस नहीं करेंगे। मैंने हमेशा खुद को स्वीकार किया है कि मैं कौन हूं, और मैं ऐसा था, मुझे अपने इस संस्करण को स्वीकार करने की ज़रूरत है।

सोनम कपूर अपनी आत्म–देखभाल यात्रा पर

सोनम ने इस साल की शुरुआत में इंस्टाग्राम पर तस्वीरों की एक श्रृंखला साझा करके अपनी गर्भावस्था के बाद की यात्रा को प्रतिबिंबित किया, जिसमें वह बेज लहंगा चोली में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। उन्होंने पोस्ट को कैप्शन दिया, 卐मुझे फिर से अपने जैसा महसूस करने में 16 महीने लग गए। बिना किसी क्रैश डाइट और पागल वर्कआउट के धीरे–धीरे, लगातार खुद की देखभाल और बच्चे की देखभाल। मैं अभी तक वहां नहीं हूं, लेकिन लगभग वहीं हूं जहां मैं होना चाहती हूं.. मैं अभी भी अपने शरीर के लिए बहुत आभारी हूं और यह कितना अविश्वसनीय है। एक महिला होना एक अद्भुत बात है।

काम के मोर्चे पर, सोनम कपूर को %रांझणा% और %नीरजा% सहित अन्य फिल्मों में उनकी भूमिकाओं के लिए जाना जाता है, उन्हें आखिरी बार 2023 की फिल्म %ब्लाइंड% में देखा गया था जो जियो सिनेमा पर रिलीज हुई थी।




कैटरीना कैफ को इंडस्ट्री में उनके सह–कलाकारों द्वारा सबसे मेहनती अभिनेत्रियों में से एक कहा जाता है। अक्षय कुमार, शाहरुख खान से लेकर सलमान खान तक अक्सर कड़ी मेहनत करने वाली अभिनेत्री होने के लिए कैट की प्रशंसा करते हैं। कैटरीना कैफ को इंडस्ट्री में उनके सह–कलाकारों द्वारा सबसे मेहनती अभिनेत्रियों में से एक कहा जाता है। अक्षय कुमार, शाहरुख खान से लेकर सलमान खान तक अक्सर कड़ी मेहनत करने वाली अभिनेत्री होने के लिए कैट की प्रशंसा करते हैं। 2003 में अपनी अभिनय यात्रा शुरू करने वाली कैटरीना ने एक लंबा सफर तय किया है, एक गैर अभिनेता और एक गैर नर्तक होने से लेकर, उन्होंने हर तरह से अपनी योग्यता साबित की है। कैटरीना की आखिरी रिलीज मैरी क्रिसमस भले ही बॉक्स ऑफिस पर निराशाजनक रही हो और ज्यादा कमाई नहीं कर पाई हो, लेकिन इसने एक अभिनेत्री के रूप में कैटरीना कैफ का उन्नत संस्करण दिखाया, उनके साथ दक्षिण के स्टार अभिनेता विजय सेतुपति थे, लेकिन कैटरीना ने एक बार भी ऐसा नहीं किया। एक अभिनेत्री के रूप में उनके सामने उनकी चमक फीकी पड़ गई। लेकिन कैटरीना जो अपने करियर की शुरुआत से ही तमाम मसाला एंटरटेनर फिल्में साइन करके बॉक्स ऑफिस क्वीन के नाम से मशहूर रही हैं, मैरी क्रिसमस के बाद उनकी राह बदल सकती है।

कैटरीना कैफ बता रही हैं कि वह भविष्य में अपनी फिल्में कैसे चुनेंगी। वैरायटी के साथ अपने साक्षात्कार में, कैटरीना कैफ ने अपनी फिल्मों को चुनने और दस भविष्य की परियोजनाओं में अपनी सहमति देने के बारे में खुलकर बात की, 卐मैंने हमेशा दर्शकों को पहले रखा है और अपने पूरे करियर में अपनी पसंद के साथ प्रयास किया है। और अब मुझे लगता है कि यह एक संतुलन खोजने के बारे में है, मुझे क्या लगता है कि कौन सी कहानी दर्शकों से जुड़ पाएगी और एक अभिनेता के रूप में मैं अभी किससे जुड़ पाऊंगी? मुझे क्या संतुष्टि मिलेगी? यह बिल्कुल वही है जो मैं अभी करना चाहती हूं卐। कैटरीना कैफ ने बताया कि उनका सिनेमाई सफर कैसा रहा है। पहली बार दक्षिण भारतीय फिल्म का हिस्सा बनने के बारे में उसी साक्षात्कार में याद करते हुए उन्होंने कहा, 卐मुझे लगता है कि मेरा पहला प्रयास दक्षिण भारतीय फिल्म में था, वास्तव में एक तेलुगु फिल्म [2004 की रॉमकॉम 卐मल्लीस्वरी卐 जहां उन्होंने मुख्य भूमिका निभाई थी एक अमीर उत्तराधिकारी का]। वहां से, मुझे ऑन–कैमरा अनुभव मिलना शुरू हुआ और फिर धीरे–धीरे अपना काम करना शुरू किया, निर्देशकों, निर्माताओं से मुलाकात की, मुझे लगा कि मैंने मॉडलिंग उद्योग में जो करना चाहा था, वह कर लिया है, मुझे लगा %ठीक है,%। मैंने दृश्य को समझ लिया है। मेरे पास कुछ लक्ष्य और लक्ष्य थे और मैंने उन्हें हासिल किया और मेरे लिए, मेरी इच्छा और मेरा दिल फिल्मों में था। कैटरीना कैफ जिन्होंने अपना बैग पैक करने और बॉलीवुड छोड़ने के बारे में सोचा था, आज बॉलीवुड की सबसे सफल अभिनेत्रियों में से एक हैं।





## आरती की शादी में आएंगे मामा गोविंदा?



टेलीविजन अभिनेता आरती सिंह की शादी एक स्टार–स्टडेड इवेंट थी जिसमें उद्योग के लोकप्रिय सेलेब्स उपस्थित थे। हालाँकि, सारा ध्यान बॉलीवुड स्टार ने चुरा लिया, जो अपनी भतीजी की शादी में अप्रत्याशित रूप से उपस्थित हुए। बता दें, गोविंदा अभिनेत्री आरती सिंह और उनके कॉमेडियन भाई कृष्णा अभिषेक के मामा हैं। टेलीविजन अभिनेता आरती सिंह की शादी एक स्टार–स्टडेड इवेंट थी जिसमें उद्योग के लोकप्रिय सेलेब्स उपस्थित थे। हालाँकि, सारा ध्यान बॉलीवुड स्टार ने चुरा लिया, जो अपनी भतीजी की शादी में अप्रत्याशित रूप से उपस्थित हुए। बता दें, गोविंदा अभिनेत्री आरती सिंह और उनके कॉमेडियन भाई कृष्णा अभिषेक के मामा हैं। गोविंदा और कृष्णा के बीच 2016 में अनबन हो गई थी और तब से दोनों परिवारों के बीच बातचीत बंद है। आरती की शादी में शामिल होकर, %हीरो नंबर 1% अभिनेता ने %द कपिल शर्मा शो% स्टार के साथ अपने वर्षों के लंबे विवाद को समाप्त कर दिया। कृष्णा की पत्नी और अभिनेता कश्मीरा शाह ने गोविंदा के आरती की शादी में शामिल होने और अभिनेता को सुखी वैवाहिक जीवन के लिए आशीर्वाद देने पर खुशी व्यक्त की। कश्मीरा शाह ने बताया कि उन्होंने आरती की शादी में गोविंदा से माफी मांगी थी टाइम्स ऑफ इंडिया को दिए इंटरव्यू में कश्मीरा ने शादी में गोविंदा की मौजूदगी के लिए आभार जताया। अपनी बातचीत को याद करते हुए, कश्मीरा ने बताया कि कैसे वह प्रवेश द्वार पर मेहमानों का स्वागत कर रही थी जबकि कृष्णा और आरती मंच पर थे। जब गोविंदा पहुंचे, तो उन्हें एक अद्भुत पल का एहसास हुआ और उन्होंने तुरंत झुककर नमस्ते करते हुए उनका स्वागत किया। कश्मीरा ने बताया कि कैसे वह गोविंदा को मंच तक ले गईं, जहां वह माफी मांगने के लिए उनके पैर छूना चाहती थीं। हालांकि, गोविंदा ने उन्हें रोका और %जीतते रहो, खुश रहो% कहकर शुभकामनाएं दीं। कश्मीरा ने इसे गोविंदा द्वारा उनकी माफी स्वीकार करने के रूप में व्याख्या करते हुए कहा, 卐मैं उनके पैर छूने के लिए झुकी। यही माफी है।卐 कश्मीरा ने इस मौके का फायदा उठाते हुए अपने छह साल के जुड़वा बच्चों को गोविंदा से मिलवाया। प्रसिद्ध अभिनेता ने उन्हें गर्मजोशी से गले लगाया और आशीर्वाद दिया, जिस पर कश्मीरा की ओर से गहरी भावनात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त की गई। जहां गोविंदा ने अपनी मौजूदगी से शादी की शोभा बढ़ाई, वहीं उनकी पत्नी सुनीता आहूजा इस समारोह से खास तौर पर नदारद रहीं। जब कश्मीरा से सुनीता की अनुपस्थिति के बारे में सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा, 卐मुझे उनके वहां होने की उम्मीद नहीं थी। उनका गुस्सा रहना बंटा है।卐 उन्होंने बाद में सुनीता के साथ अपने मुद्दों को संबोधित करने की आवश्यकता को स्वीकार किया और उन्हें एक %अल्फा% महिला बताया। इसके अलावा, कश्मीरा ने सुनीता की नाराजगी के संभावित कारण के रूप में 2018 में एक ट्वीट घटना से उत्पन्न अंतर्निहित तनाव का संकेत दिया। आरती की शादी में गोविंदा के शामिल होने पर कृष्णा अभिषेक ने साझा की भावनाएं कृष्णा ने भी शादी में गोविंदा की मौजूदगी पर खुशी जाहिर की. उन्होंने कहा, %%मैं बहुत खुश हूं. बहुत खुशी का दिन है आज, आरती के लिए हम सब के लिए। माँ आये बहुत खुशी हुई. वो दिल की बात है, हमारा ऐसा इमोशनल कनेक्ट है। उसे देखकर बहुत खुशी हुई और यश अभी भी है अंदर। (यह आरती और हम में से प्रत्येक के लिए एक बड़ा दिन है। मामा (गोविंदा) आए, और मैं बहुत खुश हूं। यह दिल की बात है। हम भावनात्मक रूप से जुड़े हुए हैं। यश अभी भी यहां है)।卐

# केकेआर की छठी जीत

## सॉल्ट ने ठोका पचासा, अक्षर पटेल को मिले दो विकेट




**कोलकाता।** दिल्ली कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में नौ विकेट गंवाकर 153 रन बनाए। जवाब में कोलकाता नाइट राइडर्स ने 16.3 ओवर में तीन विकेट खोकर 157 रन बनाए। आईपीएल 2024 के 47वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सात विकेट से जीत हासिल कर ली। अंक तालिका में दूसरे स्थान पर मौजूद केकेआर के खाते में अब 12 अंक हो गए हैं। वहीं, उनका नेट रनरेट 1.096 का हो गया है जबकि दिल्ली इस सीजन की छठी शिकस्त के साथ छठे पायदान पर खिसक गई है। सॉल्ट ने जड़ा सीजन का चौथा अर्धशतक ईडन गार्डन्स में खेले गए इस मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में नौ विकेट गंवाकर 153 रन बनाए। जवाब में कोलकाता नाइट राइडर्स ने 16.3 ओवर में तीन विकेट खोकर 157 रन बनाए। इस मैच में फिल सॉल्ट और सुनील नरेन ने केकेआर को अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट 79 रनों की साझेदारी हुई। नरेन 10 गेंदों में 15 रन बनाकर पवेलियन लौटे। वहीं, फिल सॉल्ट ने 26 गेंदों में जोरदार अर्धशतक लगाया। यह उनके बल्ले से इस सीजन का चौथा अर्धशतक निकला। सॉल्ट ने 33 गेंदों का सामना किया और सात चौकों और पांच छक्कों की मदद से 68 रन बनाए। उन्हें अक्षर पटेल ने बोल्ड किया। श्रेयस–वेंकटेश ने संभाला मोर्चा तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए रिंकू सिंह सिर्फ 11 रन बना सके। उन्हें लिजाड विलियम्स ने अपना शिकार बनाया। इसके बाद मोर्चा श्रेयर अय्यर और वेंकटेश अय्यर ने संभाला। दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 57 रनों की नाबाद साझेदारी हुई। कप्तान ने 33 और वेंकटेश ने 26 रन बनाए। इस मुकाबले में दिल्ली के गेंदबाज कुछ खास कमाल नहीं कर पाए। अक्षर पटेल को दो और लिजाड विलियम्स को एक विकेट मिला। इन दोनों के अलावा कोई भी गेंदबाज सफलता हासिल नहीं कर सका। फ्लॉप रहा दिल्ली का बल्लेबाजी क्रम दिल्ली ने कोलकाता के खिलाफ 20 ओवर में नौ विकेट गंवाकर 153 रन बनाए। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाजी क्रम को इस मुकाबले में संघर्ष करते देखा गया। पावरप्ले में टीम ने तीन विकेट खो दिए। शॉ 13, मैकगर्क 12 और होप छह रन बनाकर आउट हुए। अगले ओवर में दिल्ली ने अपना चौथा विकेट भी खो दिया। हर्षित राणा ने अभिषेक पोरेल को 68 रन के स्कोर पर बोल्ड किया। वह 15 गेंदों में सिर्फ 18 रन बना सके। पंत–अक्षर के बीच हुई 25 रनों की साझेदारी इसके बाद ऋषभ पंत और अक्षर पटेल ने मोर्चा संभाला। दोनों के बीच 25 रनों की साझेदारी हुई जिसे वरुण चक्रवर्ती ने तोड़ा। उन्होंने कप्तान ऋषभ पंत को आउट किया। वह 20 गेंदों में 27 रन बनाकर लौटे। इसके बाद सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए ट्रिस्टन स्टब्स ज्यादा देर तक विकेट पर नहीं टिक सके। वह सिर्फ चार रन बनाकर आउट हो गए। केकेआर के गेंदबाजों ने बरपाया कहर इस मैच में अक्षर पटेल ने 35, कुमार कुशाग्र ने एक, रसिख सलाम ने आठ, कुलदीप यादव ने 35 और लिजाड ने एक रन बनाया। कुलीदप और लिजाड नाबाद रहे। केकेआर के लिए वरुण चक्रवर्ती ने तीन विकेट चटकाए जबकि वैभव और हर्षित को दो–दो सफलताएं मिलीं। वहीं, मिचेल स्टार्क और सुनील नरेन को एक–एक विकेट मिला।

# पंजाब किंग्स के खिलाफ चेन्नई सुपर किंग्स की नजरें खेल के हर विभाग में बेहतर प्रदर्शन पर

**चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में पंजाब किंग्स के खिलाफ चेन्नई सुपर किंग्स कमाल दिखाना चाहेगी। दरअसल, प्रदर्शन में निरंतरता की कमी से जूझ रही चेन्नई सुपर किंग्स की नजरें खेल के सभी विभागों में एकजुट प्रदर्शन करने पर टिकी होंगी।**



बुधवार को चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में पंजाब किंग्स के खिलाफ चेन्नई सुपर किंग्स कमाल दिखाना चाहेगी। दरअसल, प्रदर्शन में निरंतरता की कमी से जूझ रही चेन्नई सुपर किंग्स की नजरें खेल के सभी विभागों में एकजुट प्रदर्शन करने पर टिकी होंगी। सीएसके के 9 मैच में 10 अंक हैं जो लखनऊ सुपर जाइंट्स, सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स के समान ही हैं। गत चौंपियन टीम निश्चित रूप से जीत के साथ इन टीमों से आगे निकलने की कोशिश करेगी। गत चौंपियन सुपर किंग्स की चिंता हालांकि बढ़ गई है क्योंकि पंजाब किंग्स की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 262 रन के टी20 क्रिकेट इतिहास के सबसे बड़े लक्ष्य को हासिल करने के बाद इस मुकाबले में उतर रही है। पंजाब किंग्स के नौ मैच में छह अंक हैं। चेपक हालांकि सुपरकिंग्स का गढ़ है जहां गेंदबाजों को पिच से मदद मिलती है और मेजबान टीम ने पिछले मैच में सनराइजर्स पर 78 रन की आसान जीत दर्ज की। चेन्नई में उस रात ओस नहीं पड़ी थी और बल्लेबाजों द्वारा 200 से अधिक का स्कोर खड़ा करने के बाद सुपरकिंग्स के गेंदबाजों ने अपनी सटीक और विविधता से भरी गेंदबाजी से सनराइजर्स की मजबूत बल्लेबाजी इकाई को ध्वस्त कर दिया। चेन्नई को पंजाब के खिलाफ यह प्रदर्शन दोहराना होगा और सभी की निगाहें कप्तान रुतुराज गायकवाड़ पर होंगी जो फॉर्म में वापसी कर चुके हैं। गायकवाड़ ने अपनी पिछली दो पारियों में 108 और 98 रन बनाए हैं और न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल ने भी हैदराबाद के खिलाफ 32 गेंद में 52 रन बनाकर सही समय पर लय हासिल कर ली है। हालांकि सुपरकिंग्स के बल्लेबाजी क्रम में असली तूफान शिवम दुबे हैं जिन्होंने इंपेक्ट प्लेयर के रूप में आते हुए विपक्षी गेंदबाजों को धराशायी किया है। स्पिन के खिलाफ अच्छा खेलने वाले बाएं हाथ के बल्लेबाज दुबे ने मौजूदा सत्र में अब तेज गेंदबाजों के खिलाफ प्रभावी प्रदर्शन करके अपनी बल्लेबाजी में एक और आयाम जोड़ दिया है। दुबे ने अब तक 350 रन बनाए हैं जो गायकवाड़ के 447 रन के बाद सुपरकिंग्स के लिए दूसरे सर्वाधिक रन हैं। उन्होंने ये रन 172.41 के स्ट्राइक रेट से बनाए हैं और इस मामले में टीम में महेंद्र सिंह धोनी (259.45) के बाद दूसरे स्थान पर हैं। लेकिन सुपर किंग्स की सलामी जोड़ी अस्थिर बनी हुई है। गायकवाड़ ने अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन अब बाहर किए गए रचिन रविंद्र और अजिंक्य रहाणे दोनों अपने कप्तान का साथ नहीं निभा पाए हैं। सलामी बल्लेबाज के रूप में रहाणे ने पिछली चार पारियों में 05, 36, 01 और 09 रन बनाए जो उनके अनुभव और कौशल के अनुरूप नहीं हैं। हालांकि पूरी संभावना है कि टीम उन्हें और मौके देगी। बल्लेबाजी कोच माइकल हसी ने भी कहा था कि यह 35 वर्षीय बल्लेबाज बड़ी पारी खेलने के करीब है। दूसरी ओर पंजाब किंग्स की टीम रिकॉर्ड लक्ष्य हासिल करने के बाद लय को जारी रखते हुए अंक तालिका में मौजूदा आठवें स्थान से आगे बढ़ने को बेताब होगी। इसके लिए टीम को बल्लेबाजों से एक बार फिर से एकजुट प्रदर्शन की उम्मीद है। जिम्मेदारी एक बार फिर नाइट राइडर्स के खिलाफ शतक जड़ने वाले जॉनी बेयरस्टो, शशांक सिंह और प्रभसिमरन सिंह के कंधों पर होगी। टीम हालांकि विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा से अधिक प्रभावशाली प्रदर्शन चाहेगी। पंजाब किंग्स का गेंदबाजी आक्रमण कागिसो रबाडा, हर्षल पटेल, अर्शदीप सिंह और सैम कुरेन जैसे अनुभवी गेंदबाजों की मौजूदगी के बावजूद थोड़ा कमजोर दिखता है। मेहमान टीम को अपने स्पिनरों हरप्रीत बरार और राहुल चाहर से भी बेहतर प्रदर्शन की दरकार है क्योंकि इन्होंने इस सत्र में केवल सात विकेट लिए हैं। टीम इस प्रकार हैंरू सुपरकिंग्सरू रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), महेंद्र सिंह धोनी, अरावेल्ली अवनीश, अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोईन अली, शिवम दुबे, आरएस हांगरगेकर, रविंद्र जडेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिचेल, रचिन रविंद्र, मिचेल सेंटनर, निशांत सिंधू , दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मुस्ताफिजुर रहमान, मथीसा पथिराना, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शारदुल ठाकुर, महीश तीक्षणा और समीर रिज्वी। पंजाब किंग्सरू शिखर धवन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, जॉनी बेयरस्टो, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व ताइडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम कुरेन, कागिसो रबादा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया, विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी और रिली रोसेयु।

## रोहित शर्मा मना रहे हैं 37वां जन्मदिन, मां ने शेयर की अनदेखी तस्वीर



**भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा अपना 37वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस मौके पर रोहित शर्मा की मां पूर्णिमा शर्मा ने एक अनदेखी तस्वीर शेयर करते हुए बेटे को जन्मदिन की बधाई दी है। फिलहाल, रोहित लखनऊ में हैं, जहां उन्होंने अपना जन्मदिन मुंबई इंडियंस टीम के साथ सेलिब्रेट किया।**

30 अप्रैल को भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा अपना 37वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस मौके पर रोहित शर्मा की मां पूर्णिमा शर्मा ने एक अनदेखी तस्वीर शेयर करते हुए बेटे को जन्मदिन की बधाई दी है। फिलहाल, रोहित लखनऊ में हैं, जहां उन्होंने अपना जन्मदिन मुंबई इंडियंस टीम के साथ सेलिब्रेट किया। इस दौरान उनकी पत्नी रितिका और बेटी भी उनके साथ मौजूद रहे। वहीं रोहित की मां ने तस्वीर अपने इंस्टाग्राम पर शेयर कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। ये फोटो उस समय की है जब रोहित मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन में क्रिकेट सीख रहे थे। तस्वीर में वो अपनी मां के साथ नजर आ रहे हैं। रोहित शर्मा की मां पूर्णिमा शर्मा का इंस्टाग्राम पर अकाउंट है, जिसे रोहित खुद भी फॉलो करते हैं। पूर्णिमा शर्मा के पेज पर 20 हजार से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। इससे पहले भी उनकी मां रोहित की युवा अवस्था की फोटो शेयर कर चुकी हैं। वह अक्सर अपनी पोती यानी समायरा के साथ भी फोटो शेयर करती हैं।

## दूसरे विकेटकीपर के स्थान के लिए अपना दावा मजबूत किया

**नयी दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ का मानना है कि आईपीएल में बेहतरीन अर्धशतकीय पारियों के बाद संजू सैमसन और लोकेश राहुल ने आगामी टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में दूसरे विकेटकीपर के स्थान के लिए अपने दावे मजबूत किये हैं। वेस्टइंडीज और अमेरिका में जून में खेले जाने वाले इस विश्व कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा जल्द ही होने वाली है। टीम में ऋषभ पंत को पहली पसंद के विकेटकीपर–बल्लेबाज के रूप में चुना जाना लगभग तय है। स्मिथ ने 'जियोसिनेमा' से कहा, '' उन्हें (राहुल और सैमसन) साझेदारी बनाने की जरूरत थी। राहुल ने इसे (दीपक) हुडा के साथ किया और संजू ने इसे ध्रुव जुरेल के साथ खूबसूरती से निभाया। दोनों में अंतर यह था कि संजू ने मैच को सफलतापूर्वक खत्म किया जबकि राहुल अहम मौके पर आउट हो गये। यह देखना हालांकि शानदार था कि दोनों उत्कृष्ट खिलाड़ियों ने विश्व कप चयन के लिए अपना दावा मजबूत किया।'' राहुल ने लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए 48 गेंदों में 76 रन बनाए, लेकिन राजस्थान रॉयल्स के कप्तान सैमसन ने 33 गेंदों में नाबाद 71 रन बनाकर उस प्रयास को विफल कर दिया। राजस्थान रॉयल्स ने सात विकेट से जीत हासिल की। चर्चा में मौजूद ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली ने चौथे विकेट के लिए 121 रन की अटूट साझेदारी के दौरान 34 गेंदों पर नाबाद 52 रन की शानदार पारी खेलकर सैमसन का साथ देने के वाले जुरेल की सराहना की। ली ने कहा, '' वह एक शानदार बल्लेबाज है। उसके पास उचित क्रिकेट शॉट्स हैं। वह खेल के सभी प्रारूप खेल सकता है और जानता है कि जरूरत के मुताबिक खेल में कब बदलाव करना है।''

उन्होंने कहा, '' वह बेहतरीन शॉट खेलता है और अपने कौशल से वह लगातार प्रभावित कर रहा है।




## न्यूज़ SPORTS

### ऑस्ट्रेलिया की टीम से कटेगा स्टीव स्मिथ का पत्ता? जेक फ्रेजर-मैकगरुक को मिलेगा मौका

ऑस्ट्रेलियाई अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप से बाहर किए जाने की संभावना है। रिपोर्ट्स के अनुसार, फैब 5 बैटर मेन इन येलो के साथ यूएसए और वेस्टइंडीज की यात्रा नहीं करेगा। लेकिन 22 वर्षीय जेक फ्रेजर–मैकगर्क को टी20 वर्ल्ड कप के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम में शामिल किया जा सकता है। स्टीव स्मिथ पिछले कुछ समय से टी20 क्रिकेट में खराब प्रदर्शन कर रहे हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज खेलने के बावजूद स्टीव स्मिथ को टी20 वर्ल्ड कप के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में नहीं चुना जाना तय है। टेस्ट और वनडे में शानदार बल्लेबाजी करने वाले बल्लेबाज स्मिथ टी20 में प्रभाव डालने में अभी तक नाकामयाब नजर आए हैं। जहां स्टीव स्मिथ को बाहर का रास्ता दिखाया जा सकता है, वहीं युवा जेक फ्रेजर–मैकगरुक को उनकी टी20 वर्ल्ड कप के कप ऑस्ट्रेलिया की टीम में शामिल किया जाना तय माना जा रहा है। 22 वर्षीय खिलाड़ी आईपीएल 2024 में अपने पहले सीजन में दिल्ली कैपिटल्स के लिए लगातार तबाड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए रन बना रहा है।

### अगरकर दिल्ली में कप्तान रोहित के साथ अनौपचारिक मुलाकात करेंगे

राष्ट्रीय चयन समिति के अध्यक्ष अजित अगरकर और कप्तान रोहित शर्मा के बीच वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए संभावित 15 सदस्यीय टीम को लेकर यहां अनौपचारिक बैठक होने की उम्मीद है। विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की आखिरी तारीख एक मई है। ऐसा समझा जाता है कि अगरकर शनिवार को मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेली गयी आईपीएल मैच के लिए विशेष रूप से दिल्ली आए थे, क्योंकि उन्हें कप्तान रोहित के साथ बातचीत करने का मौका मिल सके और अंतिम टीम चुनने के लिए अपने सहयोगियों के साथ बैठक से पहले उनके लिए चीजें स्पष्ट हो। टीम में कुछ स्थानों को लेकर चर्चा की जरूरत है। इसमें सबसे अहम हार्दिक पंड्या की गेंदबाजी फिटनेस है। अगर हार्दिक को 15 सदस्यीय टीम में जगह मिलती है तो शिवम दुबे और रिंकू सिंह में से केवल एक को ही जगह दी जा सकती है। विकेट कीपर के विकल्प के लिए ऋषभ पंत के साथ संजू सैमसन और लोकेश राहुल के नामों को लेकर चर्चा होगी। तेज गेंदबाजी और स्पिनरों को लेकर भी चीजें स्पष्ट नहीं हैं। जसप्रीत बुमराह शानदार लय में है तो वहीं अनुभवी मोहम्मद सिराज का आईपीएल में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई और युजवेंद्र चहल में टीम के तीसरे स्पिनर के लिए मुकाबला होगा। बेहतर बल्लेबाजी कौशल के कारण अक्षर का दावा ज्यादा मजबूत है।

### फिडे ने विश्व चैंपियनशिप मुकाबले के लिए बोली प्रक्रिया शुरू की, लगभग 80 करोड़ रुपये का बजट रखा

अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) को अगर प्रतिभाशाली डी गुकेश और मौजूदा चौंपियन चीन के डिंग लिरेन के बीच विश्व चौंपियनशिप मुकाबले की मेजबानी करनी है तो उसे 80 करोड़ रुपये (9.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर) से अधिक खर्च करने होंगे। यह मुकाबला अस्थायी रूप से 20 नवंबर से 15 दिसंबर के बीच निर्धारित है। शतरंज की वैश्विक नियामक संस्था फिडे ने शनिवार को बहुप्रतीक्षित मैच के लिए संभावित बोलीदाताओं से निविदाएं आमंत्रित कीं। एआईसीएफ के नवनिर्वाचित सचिव देव पटेल ने गुरुवार को ग्रैंड फिनाले की मेजबानी करने के लिए राष्ट्रीय निकाय की इच्छा व्यक्त की। गुकेश की मौजूदगी के कारण एआईसीएफ इसमें दिलचस्पी ले रहा है। सत्रह साल के गुकेश सोमवार को टोरंटो में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर विश्व खिताब के लिए सबसे कम उम्र के चौलेंजर बने हैं। संभावित बोली लगाने वाले के लिए फिडे द्वारा उल्लिखित बुनियादी मानदंड को पूरा करना होगा। इसमें वैश्विक निकाय के लिए 8.5 मिलियन डॉलर (लगभग 71 करोड़ रुपये) का बजट और 1.1 मिलियन डॉलर (लगभग नौ करोड़ रुपये) की सुविधा शुल्क है। टूर्नामेंट की अवधि 25 दिन की है। फिडे द्वारा प्रदान की जाने वाली कुल पुरस्कार राशि लगभग 2.5 मिलियन डॉलर (20 करोड़ रुपये से अधिक) है जो 2023 में पुरस्कार राशि दो मिलियन डॉलर (लगभग 17 करोड़ रुपये) से बढ़ा दी गई थी। फिडे इस मामले में 31 मई तक कोई फैसला करेगा। पटेल ने इससे पहले पीटीआई से कहा था, ''हम शतरंज की शीर्ष संस्था फिडे के साथ चर्चा के लिए तैयार हैं और हमें यकीन है कि सर्वश्रेष्ठ विश्व चौंपियनशिप का आयोजन भारत में होगा।

### उबेर कपरू अश्मिता, प्रिया-रुति ने भारत को कनाडा पर 2-0 की बढ़त दिलाई

**चेंगदू (चीन)।** अश्मिता चालिहा (विश्व रैंक 53) ने शनिवार को यहां उबेर कप 2024 में राष्ट्रमंडल खेलों की पूर्व चौंपियन कनाडा की मिशेल ली (विश्व रैंक 25) को सीधे गेमों में 26–24, 24–22 से हराया।. प्रिया और श्रुति मिश्रा ने भी जेसलिन चोई और कैथरीन चाउ के खिलाफ अपना पहला मैच 21–12, 21–10 से जीतकर भारतीय महिलाओं को कनाडा के खिलाफ अपने पहले ग्रुप चरण मुकाबले में 2–0 की बढ़त दिला दी। महिला टीम को उबेर कप ग्रुप ए में रखा गया है और कनाडा और 15 खिताबों के साथ आयोजन के इतिहास की सबसे सफल टीम चीन के बाद सिंगापुर से 30 अप्रैल को भिड़ेगी। इस साल की शुरुआत में बैडमिंटन एशिया टीम चौंपियनशिप में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने के बाद महिला टीम ने उबेर कप 2024 के लिए क्वालीफाई किया।

### एलएसजी बनाम आरआर आमने-सामनेय कब और कहां देखें

**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) शनिवार को एकाना क्रिकेट स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 44वें मैच में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) की मेजबानी करेगा। लखनऊ आठ मैचों में पांच जीत के साथ अंक तालिका में चौथे स्थान पर है, जबकि राजस्थान आठ मैचों में सात जीत के साथ तालिका में शीर्ष पर है। ओवरऑल मैचअप की बात करें तो लखनऊ और राजस्थान आईपीएल में 4 मैचों में एक–दूसरे से भिड़ चुके हैं। इन 4 मैचों में से लखनऊ ने 1 जीता है जबकि राजस्थान 3 बार विजयी रहा है। लएसजी बनाम आरआर मैच का समयरू मैच शाम 7रू30 बजे शुरू होगा और टॉस मैच से आधे घंटे पहले होगा, यानी 7रू00 बजे एलएसजी बनाम आरआर मैच स्थलरू भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम, लखनऊ। भारत में टेलीविजन पर एलएसजी बनाम आरआर मैच का सीधा प्रसारणरू एलएसजी बनाम आरआर मैच का सीधा प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क के माध्यम से किया जाएगा। भारत में लाइव स्ट्रीमरू एलएसजी बनाम आरआर मैच की लाइव स्ट्रीमिंग जियोसिनेमा पर उपलब्ध होगी। संभावित इलेवन लखनऊ सुपर जायंट्सरू क्विंटन डी कॉक, केएल राहुल (कप्तान और विकेटकीपर), मार्कस स्टोइनिस, निकोलस पूरन, दीपक हुडा, आयुष बदौनी , क्रुणाल पांड्या, मैट हेनरी, रवि बिश्नोई, मोहसिन खान, मयंक यादवध्यश ठाकुर। राजस्थान रॉयल्सरू यशस्वी जयसवाल, जोस बटलर, संजू सैमसन (कप्तान और विकेटकीपर), रियान पराग, शिमरॉन हेटमायर, रोवमैन पॉवेल, ध्रुव जुरेल, ट्रेंट बोल्ट, आवेश खान, संदीप शर्मा, युजवेंद्र चहल।

### दिल्ली बनाम मुंबई कुल मिलाकर आमने-सामनेय कब और कहां देखना है

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के 43वें मैच में मुंबई इंडियंस (एमआई) की मेजबानी करेगी। दिल्ली नौ मैचों में चार जीत के साथ अंक तालिका में छठे स्थान पर है, जबकि मुंबई अब तक तीन जीत के साथ नौवें स्थान पर है। ओवरऑल मुकाबलों की बात करें तो दिल्ली और मुंबई आईपीएल में 34 मैचों में एक–दूसरे से भिड़ चुकी हैं। इन 34 मैचों में से दिल्ली ने 15 जीते हैं जबकि मुंबई 19 मौकों पर विजयी रही है। डीसी बनाम एमआई आमने–सामने 34 दिल्ली कैपिटल्सरू 15 मुंबई इंडियंसरू 19 डीसी बनाम एमआई मैच का समयरू मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 3रू30 बजे शुरू होगा और टॉस मैच से आधे घंटे पहले यानी दोपहर 3रू00 बजे होगा। डीसी बनाम एमआई मैच स्थलरू अरुण जेटली स्टेडियम, नई दिल्ली भारत में टेलीविजन पर डीसी बनाम एमआई मैच का सीधा प्रसारणरू डीसी बनाम एमआई मैच का सीधा प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क के माध्यम से किया जाएगा। भारत में लाइव स्ट्रीमरू डीसी बनाम एमआई की लाइव स्ट्रीमिंग जियोसिनेमा पर उपलब्ध होगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, श्रीमती विजय लक्ष्मी शर्मा द्वारा त्रिपाठी प्रिंटिंग प्रेस 12/29, पुराना किला, कैण्ट रोड, लखनऊ 226001 (उ.प्र.) से मुद्रित कराकर 1372/12 न्यू गुडौरा बेहसा शहीदपथ लखनऊ 226008 (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक–अनूप सिंह
मोबाइल नं. 7905289865,9839177720 Email- tvnews1979@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ ही मान्य होगा।